MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 । रविवार, 12 अप्रैल, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 12 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-99

### अग्रवाल समाज : आज एजीएम में होगा अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला

# अध्यक्ष पर 'तलवार'!



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना, जो कभी अपने सामाजिक कार्यों, सेवा कार्यक्रमों व व्यवस्थित कार्यप्रणाली के लिए सुर्खियाँ बटोरता था, आज कोर्ट-कचहरी के मामलों, अनर्गल आरोप - प्रत्यारोपों, एक-दूसरे की सार्वजनिक टाँग-खिंचाई के लिए चर्चा में है। शनिवार, 11 अप्रैल को अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने होटल रायल्टन में एक असाधारण आम सभा (ईजीएम) बुलाई, जिसमें भारी गहमागहमी देखी गई। आरोप है कि इस सभा में कदम-कदम पर बाउंसर तैनात किये गये और भीड दिखाने के लिए बाहरी लोगों को आमन्त्रित किया गया। बताया जाता है कि इस सभा का बडी संख्या में लोगों ने बहिष्कार किया। अध्यक्ष ने पहले तो किसी को बोलने की अनुमति नहीं दी और उपर से मंत्री, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के पदों पर नयी नियुक्तियों की घोषणा कर दी गयी। अफसोस की बात है कि समाज के संविधान की खु-लेआम धज्जियाँ उडाते हुए पहले से लिखित करीब 100 नाम वालों से हस्ताक्षर करवाकर अपने असंवैधानिक कार्यों पर मुहर भी लगवा ली गई। हालत इतने बदतर हो गये कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस को भी मैदान में कूदना पडा।

दरअसल, समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने अपने साथ लोकतान्त्रिक तरीके से चुनकर आये मंत्री विकास केशान, उपाध्यक्ष रुपेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता के आवश्यक सुझाव/सलाह की न केवल अनदेखी की, बल्कि कार्यकारिणी की पहली ही बैठक में उन्हें यह अहसास करवाया कि वे सब उनके मातहत कर्मचारी हैं, और बास होने के चलते उन्हें अध्यक्ष के हर फरमान को मानना पडेगा। समाजिक संस्थाएं चयनित पदाधिकारियों की टीम भावना और समन्वय से कार्य करती है और अध्यक्ष का प्रथम कर्तव्य होता है कि वह अपनी टीम को साथ लेकर समाज की उन्नति के कार्य करें। दुर्भाग्यवश कुछ मन-मुटाव हो भी जाये तो अध्यक्ष उस मतभेद को मनभेद नहीं बनने देते, किंतु अनिरुद्ध गुप्ता ने इन सभी स्थापित परंपराओं को दरकिनार कर समाज को ऐसे गर्त में धकेल दिया, जहाँ से उबरने में लंबा वक्त लग सकता है। अध्यक्ष जी ने अपनी व्यावसायिक व्यस्तता के बहाने पिछले चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी ( जिन्हें समाज ने बुरी तरह नकार दिया था) श्री नरेन्द्र कुमार गोयल को बिना समाज की मंजूरी लिए कार्यकारी अध्यक्ष तो बनाया ही, लगभग 33 समितियों को रातों - रात असंवैधानिक तरीके से भंग कर दिया। और तो और 20 युवा समितियों को भी समाज हित के कार्य करने से रोक दिया गया। ▶8पर

## बांठिया गार्डन 11 बजे से

मंत्री विकास केशान ने कहा कि 12 अप्रैल को सिकंदराबाद स्थित बांठिया गार्डन में आहूत एजीएम में अधिकाधिक सदस्यों को उपस्थित होकर न केवल दूध का दूध, पानी का पानी करना चाहिए, बल्कि समाज के विषयों को कोर्ट के कटघरे में बार-बार खडा करने वाले लोगों, संविधान की बार-बार धज्जियाँ उडाने वालों और पूरे समाज को डराने -धमकाने के लिए कार्यालय पर ताला लगाना व बाउंसरों को तैनात कर बाहुबल का प्रदर्शन करने वालों को कडा सबक सिखाना चाहिए।

वर्ष 2026-27 की पहली वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) सुबह 11 बजे से होगी। इस सभा की कार्यवाही की कैमरा से रिकार्डिंग होगी। सभा के एजेंडे में मुख्य रूप से अध्यक्ष द्वारा लिए गये असंवैधानिक निर्णयों की अस्वीकृति, कार्यकारी अध्यक्ष के असंवैधानिक पद पर नियुक्ति के निर्णय की समीक्षा, 20 युवा समितियों के संबंध में चर्चा, इसी तरह वर्तमान समितियों को भंग किये जाने की समीक्षा, अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय को शामिल किया गया है।

# मोदी-राहुल का आमना-सामना

### पहले हाथ जोड़ा फिर करीब आकर की बात



**नयी दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।**

महात्मा फुले की जयंती पर संसद परिसर में दिखी सियासी सौहार्द की झलक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान देश के कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इसी कार्यक्रम के दौरान एक ऐसा क्षण सामने आया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कार से उतरकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बातचीत की।

**कुछ क्षणों की मुलाकात में सहजता और सौहार्द दिखा**

संसद परिसर में यह मुलाकात भले ही कुछ क्षणों की रही हो, लेकिन इसमें सहजता और सौहार्द साफ झलक रहा था। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से बात की, कुछ शब्दों का आदान-प्रदान किया और फिर अपने-अपने कार्यक्रमों में व्यस्त हो गए। वीडियो में देखा गया कि दोनों नेता एक-दूसरे के करीब खड़े होकर ध्यानपूर्वक बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान आसपास मौजूद अन्य लोग भी कुछ देर के लिए रुक गए, जिससे यह पल और भी खास बन गया।

**भाजपा-कांग्रेस के बीच संवाद ने अलग संदेश दिया है**

भारतीय राजनीति में सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच अक्सर तीखी बयानबाजी देखने को मिलती है। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता के बीच इस तरह का अनौपचारिक संवाद एक अलग संदेश देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना राजनीतिक मतभेदों के बावजूद संवाद की आवश्यकता और लोकतांत्रिक परंपराओं की झलक दिखाती है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह पल**

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश समेत कई नेता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर ज्योतिबा फुले के सामाजिक न्याय, शिक्षा और वंचित वर्गों के उत्थान में दिए गए योगदान को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच हुई यह बातचीत जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। ▶8पर

## सुरों की मल्लिका आशा भोसले अस्पताल में



**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।**

92 की सिंगर आशा भोसले को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक, अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल यूनिट में आशा का इलाज चल रहा है। इस बीच सिंगर की पोती जनाई भोसले ने दादी की हेल्थ को लेकर अपडेट दे दी है। उन्होंने बताया कि आशा के अस्पताल में भर्ती होने की असली वजह क्या है।

आशा भोसले की पोती जनाई भोसले ने आशा की हेल्थ को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने बताया, मेरी दादी, आशा भोसले को थकान और चेस्ट इंफेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि हमारी प्राइवसी का ध्यान रखें। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सबकुछ ठीक हो जाएगा। हम आपको आगे पॉजिटिव अपडेट देंगे।

इससे पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉक्टर प्रति समदानी ने आशा के अस्पताल में भर्ती होने की खबर की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया था कि आशा भोसले को अस्पताल में उनकी केयर में एडमिट करवाया गया है। हालांकि डॉक्टर ने इसके आगे कोई भी जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया था। आशा भोसले का परिवार उनके साथ अस्पताल में है। फैंस उन्हें लेकर परेशान हैं और उनके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।आशा भोसले बॉलीवुड के लेजेंडरी सिंगर्स में से एक हैं।

### इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता जारी

# हाथ मिले दिल नहीं

**इस्लामाबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।**

मध्य-पूर्व में जारी युद्ध को खत्म करने और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में आई उथल-पुथल को रोकने के लिए शनिवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शुरू हुई। यह बातचीत 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच पहली उच्च-स्तरीय सीधी मुलाकात मानी जा रही है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागैर गालिबफ की अगुवाई में ईरानी प्रतिनिधिमंडल इस वार्ता में शामिल हुए। इस्लामाबाद में हो रही इस बातचीत पर पूरी दुनिया की नजरें इस पर टिकी हुई हैं।

वार्ता शुरू होने से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात की। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच औपचारिक बातचीत शुरू हुई। एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री की मुलाकातों के बाद अमेरिका और ईरान के बीच सीधे संवाद की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। हालांकि बातचीत का पूरा प्रारूप अभी स्पष्ट नहीं है। विदेश मंत्रालय की ओर से बातचीत के बाद बयान जारी किए जाने की संभावना है। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बातचीत सामान्य मुद्दों से आगे बढ़कर अब तकनीकी स्तर की चर्चाओं तक पहुंच चुकी है। हालांकि कुछ मुद्दों पर अभी भी मतभेद बने हुए हैं।



**होर्मुज पर अटकी बात**

सूत्रों के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शांत और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है। दोनों के बीच वार्ता कुल मिलाकर करीब 5 घंटे तक चली। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने साथ में डिनर भी किया और इसके बाद एक-दूसरे के साथ अपने-अपने विचारों और नोट्स का आदान-प्रदान किया। बताया जा रहा है कि अब इस्लामाबाद में कल दूसरे राउंड की बातचीत होगी। सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि कई मुद्दों पर दोनों में सहमति भी बनी लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर दोनों पक्षों में कोई सहमति नहीं बन पाई।

**अमेरिका, ईरान की तरफ से कौन-कौन शामिल?**

अमेरिकी टीम में जेडी वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर शामिल हैं। इसके अलावा एंड्रयू बेकर (डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर) और माइकल वेंस (एशियाई मामलों के विशेष सलाहकार) भी टीम का हिस्सा हैं। अमेरिका ने बताया कि सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स की पूरी टीम इस्लामाबाद में मौजूद है और कुछ विशेषज्ञ वॉशिंगटन से सहयोग कर रहे हैं। ईरानी प्रतिनिधिमंडल में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागैर गालिबफ, विदेश मंत्री अब्बास अरगची, सुप्रीम नेशनल डिफेंस काउंसिल के सचिव अली अकबर अहमदियन और केंद्रीय बैंक के गवर्नर अब्दुल नासिर हेम्मती शामिल हैं।

**सीजफायर के बाद अभी भी बना हुआ है तनाव**

दोनों देशों के बीच चार दिन पहले दो हफ्ते का युद्धविराम घोषित हुआ था, लेकिन लेबनान में इजरायली हमलों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। ईरान का कहना है कि यह हमला युद्धविराम का उल्लंघन है, जबकि अमेरिका और इजरायल का कहना है कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। ईरान ने वार्ता के लिए कुछ शर्तें रखी हैं, जिनमें लेबनान पर हमले रोकना और ▶8पर

### कार्टून कॉर्नर



### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $38^0$
न्यूनतम : $24^0$

# कटवा रैली में बोले मोदी - भय हटाओ, भरोसा लाओ

**कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व बर्दवान जिले के कटवा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, घुसपैठ और शरणार्थियों के अधिकारों के मुद्दों पर जोर दिया।

उन्होंने रैली में नारा दिया, भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो, और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सुरक्षा और सम्मान दोनों सुनिश्चित करेगी।

शरणार्थी समुदायों, विशेषकर मतुआ और नामशूद्र समाज का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के जरिए उन्हें नागरिकता की गारंटी दी गई है और इस प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।




उन्होंने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कहा कि घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाएगा और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने इसे कल्याणकारी योजनाओं में लीकेज से जोड़ते हुए कहा कि फर्जी लाभार्थी असली हकदारों का हिस्सा खा रहे हैं।

श्री मोदी ने चुनाव को भय बनाम भरोसा की लड़ाई बताते हुए कहा कि उनकी गारंटी है कि निर्दयी शासन का डर खत्म होगा और भरोसे का राज स्थापित होगा।उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर लोगों में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बंगाल अब बदलाव के लिए तैयार है।

उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें छह गारंटियों के साथ विकास का स्पष्ट रोडमैप दिया गया है और पार्टी अपने वादों को पूरा करने का रिकॉर्ड रखती है।

श्री मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे नेता हों या मंत्री। उन्होंने चुनाव बाद हिंसा की जांच के लिए आयोग गठित करने की भी घोषणा की।

उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिलाओं के लिए 3,000 रुपये मासिक सहायता और सुरक्षा की गारंटी, सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग के लाभ और किसानों के लिए पीएम-किसान के तहत 9,000 रुपये वार्षिक सहायता तथा धान के लिए 3,100 रुपये एमएसपी देने का वादा भी किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर आयुष्मान भारत सहित सभी योजनाएं लागू की जाएंगी।

उन्होंने इस चुनाव को डर की जगह विश्वास लाने का एक निर्णायक अवसर बताया, और पारदर्शिता, विकास तथा सुरक्षा पर केंद्रित शासन मॉडल का वादा किया।

# डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही दवाइयों की बिक्री करें : कुमार दीपक




**मंचेरियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि विभिन्न बीमारियों के नियंत्रण के लिए दवाइयों की बिक्री केवल डॉक्टर द्वारा दिए गए प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही की जानी चाहिए।

जनप्रशासन प्रगति योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में ड्रग्स कंट्रोल विभाग द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि दवा दुकानदार बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के कोई भी दवा न बेचें, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, इसलिए लोग स्वयं दवा लेने के बजाय डॉक्टर से परामर्श लें। नशीले और प्रतिबंधित ड्रग्स की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।इस अवसर पर सरकारी अस्पताल में 7 बेड का ड्रग्स डी-एडिक्शन सेंटर भी शुरू किया गया, जहां नशे के आदी लोगों का इलाज किया जाएगा। छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ ही हेल्पलाइन नंबर 14416 और 1908 जारी किए गए।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी पर हमला करने के बाद गांजा तस्कर गिरफ्तार



**मंचेरियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फिल्मी अंदाज में पुलिस ने एक गांजा तस्कर का पीछा किया जिसने वाहन चेकिंग में लगे एक पुलिसकर्मी पर हमला करने के बाद भागने की कोशिश की और शुक्रवार रात को कोरुतला कस्बे में उसे पकड़ लिया गांजा तस्करी करने वाले गिरोह की सूचना के आधार पर पुलिस ने वेमुलावाड़ा रोड पर वाहनों की जाँच शुरू की और मोहम्मद यासीन को मोटरसाइकिल पर संदिग्ध रूप से घूमते हुए पाया पुलिस को उसके पास से लगभग 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ उसने पुलिसकर्मियों को बताया कि वह निज़ामाबाद से कोरुतला गांजा ले जा रहा था गांजा जब्त करने के बाद जब पुलिस उससे बात कर रही थी तभी यासीन ने कथित तौर पर कांस्टेबल प्रवीण पर हमला कर दिया और अपनी मोटरसाइकिल पर तेजी से भाग गया पुलिस दल ने उसका पीछा करना शुरू किया और कुछ देर बाद उसे पकड़ लिया गिरफ्तार व्यक्ति कोरुतला का निवासी बताया गया है जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री और बाइक को जब्त कर लिया गया और उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत और पुलिसकर्मी पर हमला करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए

# सामाजिक सुधार और शिक्षा के अग्रदूत थे महात्मा ज्योतिबा फुले



**मंचेरियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय संस्थाएं) पी. चंद्रैया ने कहा कि सामाजिक न्याय, शिक्षा के प्रसार और समानता के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले का योगदान सदैव स्मरणीय है।

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर नासपुर स्थित समेकित जिला कार्यालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम मेयर दरनी मधुकर, डिप्टी मेयर सल्ला रम्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और बीसी संगठनों के प्रतिनिधियों ने फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर चंद्रैया ने कहा कि फुले ने गरीबों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता और विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, बीसी संगठन प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती आयोजित



**आसिफाबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वांकीडी मंडल केंद्र के जेत्वान बुद्ध विहार में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 199वीं जयंती भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल और अंबेडकर संघों के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष अशोक महुलकर ने कहा कि असमानताएँ, जातिगत भेदभाव और उस समय की सीढ़ीनुमा व्यवस्था के खिलाफ समानता के लिए आंदोलन करने वाले महान समाज सुधारक ज्योतिबा राव फुले समाज के विकास के लिए आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को आदर्श मानकर समाज को आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद बुद्ध पूजा, पंचशील त्रिशरण का पाठ किया गया और मिठाइयाँ वितरित की गईं।

इस कार्यक्रम में बीएसआई जिला अध्यक्ष अशोक महुलकर, समता सैनिक दल जिला अध्यक्ष दुर्गम संदीप, बीएसआई जिला उपाध्यक्ष विनेश उप्रे, बौद्ध उपासक पांडु जाडे ने संबोधित किया। अंबेडकर संघ के अध्यक्ष दुर्गम, गौरव अध्यक्ष जयराम, मुख्य सचिव विजय उप्रे, श्याम राव, रोशन, प्रताप, राजेश्वर, अरुण, चिंटू, इंद्रजीत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जैनूर माइनॉरिटी गुरुकुल एडमिशन मेला



**जैनूर/आसिफाबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जैनूर माइनॉरिटी बालिका गुरुकुल की ओर से शनिवार को मंडल केंद्र स्थित जामा मस्जिद में विशेष एडमिशन मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएँ और अभिभावक शामिल हुए।

गुरुकुल की प्रिंसिपल सूफिया नाज़ ने कहा कि अल्पसंख्यक छात्राएँ गुरुकुल शिक्षा का लाभ उठाकर उच्च स्तर तक पहुँच सकती हैं।

उन्होंने बताया कि गुरुकुल मे निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास और पौष्टिक भोजन ,यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकें ,डिजिटल क्लासेस और आधुनिक विज्ञान प्रयो-गशालाएँ ,खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम ,प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है।

मेले में छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश के लिए पात्रता, आ-वेदन की विधि और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने अपने प्रश्न पूछकर संदेह दूर किए। अभिभावकों ने कहा कि गुरुकुल द्वारा दी जा रही निः शुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनके बच्चों के भविष्य के लिए एक बड़ा अवसर है।

छात्रों ने भी उत्साह दिखाते हुए कहा कि गुरुकुल की सुविधाएँ और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग उनके विकास में सहायक होगी। यह एडमिशन मेला न केवल सफल रहा बल्कि अल्पसंख्यक समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता और विश्वास को भी मज़बूत किया। गुरुकुल की पहल से छात्राओं को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

# योजनाओं में बदलाव के कारण मंचेरियाल पेद्दापल्ली पुल बना हुआ मायावी



**मंचेरियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरीयाल और पेद्दापल्ली जिलों के बीच गोदावरी नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण इन दोनों जिलों के लोगों के लिए अभी भी एक दूर का सपना बना हुआ है

2018 में मंचेरियाल कस्बे और अंथारगांव गांव के बीच नदी पर 125 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक पुल बनाने का प्रस्ताव रखा गया था इस पुल से मंचेरियाल और पेद्दापल्ली कस्बों के बीच की दूरी 20 किलोमीटर कम हो जानी थी लेकिन कथित तौर पर धन की कमी के कारण काम शुरू नहीं हो सका हालांकि 2023 में लागत बढ़ाकर 164 करोड़ रुपये करने के बाद प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई इसके अनुसार निविदाएं आमंत्रित की गईं और एक एजेंसी का चयन किया गया मिट्टी परीक्षण और अन्य कार्य शुरू हो गए लेकिन 2023 में वर्तमान विधायक कोक्किराला प्रेमसागर राव ने शहर में भारी वाहनों की आवाजाही से होने वाली यातायात जाम की समस्या का हवाला देते हुए निर्माण प्रस्ताव को रद्द कर दिया 2025 में राज्य सरकार ने पुल के निर्माण को रद्द करने का आदेश जारी किया नदी पर एक और पुल बनाने का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन इस बार पुल का स्थान बदल दिया गया नया पुल मुलकल्ला और मुरमुर गांवों के बीच गोदावरी नदी पर बनाया जाना है हालांकि इसकी अनुमानित लागत 450 करोड़ रुपये है इसी प्रकार यात्रा की दूरी में केवल 5 किलोमीटर की कमी आएगी मुल्कल्ला और मुरमुर गांवों के बीच पुल के निर्माण के लिए लगभग 100 एकड़ कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा जबकि मंचेरियाल और अंथारगांव गांवों के बीच पहले बने पुल के लिए केवल 15 एकड़ भूमि की आवश्यकता थी हाजीपुर के विभिन्न गांवों के किसान पहले से ही एनएच 63 ग्रीनफील्ड राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे है उन्होंने राजमार्ग के पुनर्गठन के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है उनका तर्क है कि उन्होंने गोदावरी नदी पर निर्मित श्रीपदा येल्लमपल्ली सिंचाई परियोजना के लिए पहले ही अपनी जमीनें दे दी थी उन्होंने खेद व्यक्त किया कि यदि उनकी शेष जमीनें इस परियोजना के लिए दोबारा अधिग्रहित कर ली गई तो उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा ।

# भूमि विवाद जेसीबी के कारण तोड़फोड़ का काम रुका



**मंचेरियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिला बेल्लमपल्ली मंडल के सोमागुडेम में भूमि विवाद के संबंध में अदालत के फैसले के अनुसार ढांचों को ध्वस्त करने और भूमि अधिग्रहण करने के लिए शुक्रवार को पुलिस और अधिकारी पहुंचे लेकिन जेसीबी मशीनों की कमी के कारण वे कुछ नहीं कर सके अदालत ने सर्वे नंबर 3 पर अवैध ढांचों को हटाने और भूमि अधिग्रहण के आदेश जारी किए है इस उद्देश्य से जब अधिकारी शुक्रवार को भारी पुलिस बल के साथ पहुचे तो मकान मालिकों और स्थानीय लोगों ने पुलिस और राजस्व कर्मियों को रोक दिया भूमि दावेदार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया दोनों पक्षों के नेताओं की मध्यस्थता से 1 करोड़ रुपये के मुआवजे पर सहमति बनी इस आदेश में अदालत ने गुरुवार को अधिकारियों को तलब किया और बुधवार को हुई तोड़फोड़ के संबंध में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया अदालत ने पुलिस को भारी संख्या में बल तैनात करके सोमागुडेम में अवैध ढांचों को ध्वस्त करने का आदेश दिया था लेकिन शुक्रवार को पुलिस बल के पहुंचने के बावजूद वे जेसीबी (जॉइंटेड क्रू) के बिना कोई कार्रवाई नहीं कर सके नतीजतन दोनों पक्षों के बीच बातचीत फिर से शुरू हो गई है एक पक्ष का तर्क है कि सर्वे नंबर 3 सरकारी जमीन है और उस पर लावणी पट्टा है इसलिए इसकी खरीद-बिक्री संभव नहीं है तो इसका निपटारा कैसे होगा? ऐसा लगता है कि मामला वापस लेने के अलावा किसी आधिकारिक समझौते की कोई संभावना नहीं है लेकिन आशंका है कि भविष्य में फिर से समस्याएं खड़ी हो सकती हैं इस क्षेत्र को लावन पट्टा दिया गया था और स्थानीय नेत-ाओं समेत कई लोगों ने बिना उचित दस्तावेज़ों के इसे बेच दिया खरीदारों ने कम कीमत की उम्मीद में अनजाने में इस पर घर बना लिए राम किश्तैया परिवार ने अदालत में दावा किया कि वे इस जमीन के असली मालिक है अदालत ने फैसला सुनाया कि जमीन किश्तैया परिवार की है और जमीन पर कब्जा करके उन्हें सौंपने का आदेश जारी किया हाल ही में जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो शुक्रवार को अधिकारी कार्रवाई के लिए फिर आए लेकिन जेसीबी उपलब्ध नहीं थी इसलिए काम रुक गया अब आगे क्या होगा? सभी असमंजस में है

# हाईवे किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**मंचेरियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोटापल्ली मंडल अंतर्गत कोल्लूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-63 किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। उसने ग्रे रंग की काले डिजाइन वाली शर्ट और काले रंग का ट्रैक पैंट पहना हुआ था। मृतक के मुंह से झाग निकलते हुए पाया गया तथा उसके घनी दाढ़ी और मूंछें थीं।पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो या पहचान पता हो तो तुरंत कोटापल्ली थाना से संपर्क करें। संपर्क नंबर: 8712656556, 8712658674 पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

# औषध नियंत्रण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**आसिफाबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आसिफाबाद नगर में तेलंगाना सरकार की 99 दिनों की जनपालना प्रगति योजना के अंतर्गत औषध नियंत्रण एवं नियामक व्यवस्था सुदृढ़ीकरण दिवस पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला ड्रग इंस्पेक्टर अश्विनी जी के नेतृत्व में जिला फार्मासिस्टों और मेडिकल शॉप मालिकों द्वारा विशाल रैली से हुई। इसके बाद स्थानीय डच् गार्डन में आयोजित सभा की अध्यक्षता भी अश्विनी जी ने की। इस अवसर पर जिला चिकित्सा अधिकारी सीताराम, डी.डब्ल्यू.ओ. भास्कर, ईगल टीम सदस्य रमेश सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

सभा में तेलंगाना सरकार के औषध नियंत्रण प्रशासन विभाग के अधिकारी तथा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने मिलकर ड्रग्स, गांजा, मिलावटी शराब जैसे निषिद्ध पदार्थों पर नियंत्रण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साथ ही दवाओं के सही उपयोग और शेड्यूल्ड ड्रग्स से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई।

जिला ड्रग इंस्पेक्टर ने स्पष्ट किया कि बिना डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के किसी भी मेडिकल शॉप में दवाइयों की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य की दृष्टि से नियमों का पालन अनिवार्य है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों से नार्कोटिक्स और निषिद्ध औषधियों का विक्रय न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में जिले के विद्यालयों में आयोजित ड्रग्स कंट्रोल क्विज़ और निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को जिला अधिकारियों ने पुरस्कार प्रदान किए।

इस जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, केमिस्ट, विद्यार्थी और स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# गर्भवती महिलाओं को हेल्थ केयर के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए : वसंता गंगाधर



**जागतियाल, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जागतियाल जिले कोरुटला नगरपालिका अधियक्ष तिरुमाला वसंता गंगाधर ने 14वें वार्ड की काउंसलर रंगेरला कल्याणी के साथ मिलकर प्रेग्नेंट महिलाओं, टीनएज लड़कियों और बच्चों को न्यूट्रिएंट्स वाला बैलेंस्ड डाइट देने पर ही हेल्थ केयर के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और पूरी हेल्थ केयर के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी है । न्यूट्रिशन पकड़ा प्रोग्राम के तहत, शनिवार को कोरुटला टाउन, 14वें वार्ड के भीमुनिडुब्बा आंगनवाड़ी सेंटर में ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली मां को उनके बच्चों की पूरी हेल्थ केयर के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पूरी जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि फील्ड लेवल पर लोगों को न्यूट्रिशन के हेल्थ पर पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी दी जारी है । सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशनिस्ट को पता है कि आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों का ज़्यादा वज़न एक स्पेशल रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है और टीनएज लड़कियों का एनीमिया टेस्ट किया जा रहा है ताकि यह पक्का हो सके कि उन्हें न्यूट्रिशियस खाना मिल रहा है। लड़कियों को क्या-क्या लेना चाहिए, यह समझाने के बाद, म्युनिसिपल चेयरपर्सन तिरुमाला वसंता गंगाधर, लोकल वार्ड काउंसलर रंगेरला कल्याणी ने भक्तों को अन्नप्राशन बांटा। इस प्रोग्राम में म्युनिसिपल चेयरपर्सन तिरुमाला वसंता गंगाधर, लोकल वार्ड काउंसलर रंगेरला कल्याणी, सी डी पि ओ के. मानेम्मा, सुपरवाइजर ए. भारती, आंगनवाड़ी टीचर आर. राजमणि, आरपी. बी. लक्ष्मी, आशा ज्योति, अयम्मा पी. कविता, महिलाएं और बच्चे वगैरह शामिल हुए।

# सूर्य बुध की युति से रविवार के दिन चमकेगी वृषभ, मिथुन समेत अन्य राशियों की किस्मत

**आज यानी रविवार 12 अप्रैल को दिन के स्वामी रहेंगे सूर्यदेव और सूर्य के साथ आज बुध की युति होगी मीन राशि में ऐसे में आज सूर्य और बुध बनाएंगे नीचभंग राजयोग जबकि इन दोनों ग्रहों की युति से आज बुधादित्य योग भी निर्मित होगा। जबकि आज चंद्रमा का गोचर मकर राशि में होगा। ऐसे में आज रविवार का दिन नीचभंग राजयोग से वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक और मीन राशि के जातको के लिए आनंददायक और भाग्यशाली रहेगा।**



**वृषभ राशि** –आज रविवार के दिन सूर्य और बुध की युति आपकी राशि ग्यारहवें भाव में होने से आपको सुख वैभव की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन भी आपका आनंद में बीतेगा। किसी निकट सगे संबंधी से मिलने का संयोग बन सकता है। आपका पारिवारिक काम जो अटका हुआ था वह पूरा होगा। सामाजिक क्षेत्र में प्रभाव और सम्मान बढेगा। लव लाइफ में आपको प्रेमी के साथ रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा।

**उपाय : आज रविवार के दिन आपको उपाय के तौर पर सूर्य गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए।**

**मिथुन राशि** –मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन सामाजिक क्षेत्र के काम में शामिल होकर मान सम्मान पाने का रहेगा। आपको आज के दिन परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। और आप लंबे समय से पेंडिंग को पूरा कर पाएंगे। आपको किसी मित्र या सगे संबंधी से मिलने का भी मौका मिलेगा। संतान से संबंधित किसी चिंता परेशानी से आप राहत महसूस कर सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य के लिए आपको शॉपिंग करनी पड़ सकती है। धर्म अध्यात्म के काम में आपका मन लगेगा। पड़ोसियों से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। पैतृक संपत्ति संबंधी मामले में विवाद से बचना चाहिए।

**उपाय : आपको उपाय के तौर पर आज भगवान गणेशजी की उपासना करनी चाहिए।**

**कन्या राशि** –आपकी राशि के स्वामी बुध आज राशि से सप्तम भाव में रहेंगे ऐसे में आपको कारोबारी साझेदारों से सहयोग और लाभ मिल सकता है। कुछ नए संपर्क और साझेदारी होने की भी संभावना रहेगी। बुद्धि कुशलता का लाभ मिलेगा। बीमार चल रहे जातको के स्वास्थ्य में सुधार होगा। आपको आज के दिन वस्त्र और सुख साधनों की भी प्राप्ति होगी। शिक्षा और प्रतियोगिता में आपको सफलता मिल सकती है। प्रेमी संबंध के लिहाज से भी दिन आपका अच्छा रहेगा। आप मनपसंद भोजन का भी आनंद ले पाएंगे। आपको कोई प्रसन्नतादायक खबर भी मिलेगा।

**उपाय : आपको आज उपाय के तौर पर गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए।**

**वृश्चिक राशि** –वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन विदेशी क्षेत्र में भी लाभ दिलाने वाला रहेगा। लव लाइफ में उत्साह और आनंद बना रहेगा। प्रेमी के साथ आपका रोमांटिक समय बीतेगा। कारोबार व्यापार मे भी आपको लाभ मिलेगा। वाहन सुख भी आपको प्राप्त होगा। भाइयों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको आज के दिन किसी साहसिक निर्णय का भी फायदा मिलेगा। प्रॉपर्टी से जुड़े काम में आपको सफलता मिलेगी। छोटी अथवा लंबी दूरी की यात्रा का भी संयोग बनेगा। कोई मनोकामना आपकी पूरी होगी।

**उपाय : आपको आज उपाय के तौर पर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।**

**मीन राशि** –आपकी राशि में आज बुध और सूर्य नीचभंग राजयोग बना रहे हैं जो आपके प्रभाव और सम्मान में वृद्धि करने वाला है। आपको भाग्य आज अप्रत्याशित रूप से लाभ दिला सकता है। आपकी कोई दबी हुई इच्छा भी पूरी होगी। कामकाज में गतिशीलता आ सकती है। पिता और पैतृक पक्ष से आपको लाभ मिलेगा। घर परिवार का माहौल भी सुखद रहेगा। संतान की ओर से आपकी किसी चिंता का निदान होने से आप राहत महसूस करेंगे।

**उपाय : आज आपको उपाय के तौर पर गाय को गुड़ रोटी खिलाना चाहिए।**

# गणेश जी की पूजा में तुलसी क्यों नहीं चढ़ाई जाती, जानें क्या कहता है शास्त्र



एक पौराणिक कथा है, जिसके अनुसार माता तुलसी ने भगवान गणेश के ब्रह्मचारी होने के बावजूद उनसे विवाह का प्रस्ताव रखा था। गणेश जी द्वारा मना करने पर क्रोधित होकर तुलसी ने उन्हें दो विवाह का श्राप दिया, जिसके फलस्वरूप गणेश जी ने उन्हें राक्षस से विवाह का श्राप दिया, कहा जाता है, इसीलिए गणेश पूजा में तुलसी वर्जित मानी गई हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार एक दिन देवी तुलसी गंगा तट पर भ्रमण कर रही थीं। उसी समय उन्होंने भगवान गणेश को गहरे ध्यान में लीन देखा। गणेश जी तप में बैठे थे और उनका मन पूर्ण रूप से ईश्वर चिंतन में लगा हुआ था। निष्ठापर्वूक तपस्या के तेज ने देवी तुलसी को उनकी ओर आकर्षित किया, जिसके कारण देवी तुलसी ने गणेश जी के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा। गणेश जी ने यह सुनते ही देवी तुलसी से कहा कि वे विवाह नहीं करना चाहते और उनका जीवन तप तथा धर्म के मार्ग के लिए समर्पित है। जनश्रुति है यह सुनकर देवी तुलसी को क्रोध आ गया, उन्होंने आवेश में आकर गणेश जी को श्राप दे दिया कि उनके दो विवाह होंगे।

तुलसी जी के इस विचित्र व्यवहार से गणेश जी दुखी हुए, उनके मुख से भी तुलसी के लिए भी एक श्राप निकला, उन्होनें कहा कि तुम्हारा विवाह एक असुर से होगा, इसी श्राप के कारण तुलसी का विवाह राक्षस कुल में दानव राज जलंधर से हुआ। जब देवी तुलसी को अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने गणेश जी से क्षमा मांगी।

इस पर गणेश जी ने कहा कि, 'आप भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय होगी और उनकी पूजा में आपका विशेष महत्व रहेगा। श्राप के कारण आज भी गणेश भक्त उनकी पूजा में तुलसी पत्र भूलकर भी नहीं चढ़ाते हैं।' तभी से श्रीरहरि भगवान विष्णु की पूजा में तुलसी का बहुत महत्व माना जाता है, जबकि गणेश पूजा में तुलसी पत्र अर्पित नहीं किए जाते।

# केदारनाथ धाम 22 व 23 को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे; जानें यात्रा के लाभ




चार धाम यात्रा का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। जल्द ही केदारनाथ और बद्रीनाथ के कपाट खुलने वाले हैं। हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का विशेष महत्व है। उत्तराखंड के चार प्रमुख धाम है गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। आइए जानते हैं केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के आरंभ होने की तारीख। मान्यता है कि इस यात्रा को करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर कमेटी के अनुसार, चार धाम यात्रा का आरंभ 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही हो जाएगा। इसके बाद केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम का कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

### बद्रीनाथ धाम का महत्व

बद्रीनाथ भगवान विष्णु के 108 पवित्र मंदिर (दिव्य देशम) में से एक पवित्र तीर्थस्थल है, इस मंदिर का भगवान विष्णु के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। बद्रीनाथ पंच बद्री मंदिरों का हिस्सा है, जिनमें योग ध्यान बद्री, भविष्य बद्री, आदि बद्री और वृद्ध बद्री शामिल हैं। बद्रीनाथ मंदिर भी इन्हीं मंदिरों का हिस्सा है।

### केदारनाथ धाम का महत्व

उत्तरी भारत में स्थित केदारनाथ मंदिर एक प्रमुख तीर्थ स्थल है,केदारनाथ धाम जो मंदाकिनी नदी पर स्थित है और समुद्र तल से 3584 मीटर की ऊंचाई पर है। इस क्षेत्र का ऐतिहासिक नाम केदार खंड है। केदारनाथ मंदिर उत्तराखंड के चार धामों और पंच केदारों का हिस्सा है। केदारनाथ भारत में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मान्यता है कि जो व्यक्ति केदारनाथ धाम की यात्रा करता है वह जीवन मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति करता है।

### केदारनाथ धाम का महाभारत काल से है संबंध

मान्यता है कि जब महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ तो सभी पांडव भगवान शिव के आशीर्वाद प्राप्त करने और मुक्ति पाने के लिए पहुंचे थे। मान्यताओं के अनुसार, केदारनाथ धाम की यात्रा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। इतना ही नहीं मोक्ष की प्राप्ति भी होती है।

### बद्रीनाथ धाम यात्रा के लाभ

बद्रीनाथ धाम में भगवान विष्णु का बद्रीनारायण स्वरूप समर्पित है। बद्रीनाथ धाम को संकद पुराण में बद्रीकाश्रम के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि यह भगवान विष्णु ने तप किया था और उन्हें ठंड से बचाने के लिए माता लक्ष्मी ने उन्हें बद्री के पेड़ के नीचे आश्रय दिया था। भगवान विष्णु ने नर नारायण के रुप में यहां तपस्या की थी। 8वीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य ने बद्रीनाथ मंदिर की फिर से स्थापना की थी। यहां दर्शन करने से व्यक्ति को अपने सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

# घर में दक्षिण दिशा की अशुभता को करें दूर इस दिशा में न रखें पानी की टंकी, जानें नियम




**वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा का विशेष महत्व बताया गया है। वास्तु के अनुसार, दक्षिण दिशा अग्नि को दर्शाती है साथ ही इस दिशा में मंगल और यम की दिशा भी कहा गया है। अगर दक्षिण दिशा वास्तु के अनुसार संतुलित न हो तो घर परिवार के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही आर्थिक मामलों में कुछ न कुछ बाधाएं आती रहती हैं। तो आइए जानते हैं वास्तु गुरु मान्या के अनुसार, दक्षिण दिशा को कैसा होना चाहिए।**

### दक्षिण दिशा में क्या नहीं होना चाहिए

* वास्तु के नियमों के अनुसार, दक्षिण दिशा में पानी की टंकी नहीं होनी चाहिए। पानी से संबंधित चीजें दक्षिण दिशा में नहीं रखना चाहिए। वास्तु के नियमों के अनुसार, जल तत्व दक्षिण दिशा में नहीं होना चाहिए।

* दक्षिण दिशा में अग्नि की दिशा बताया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी तरह को कोई एंटी एलिमेंट जैसे पानी की टंकी और वॉशिंग एरिया नहीं होना चाहिए। न ही इस दिशा में पूजा घर बनाना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो घर परिवार के सभी लोगों को कामकाज में काफी बाधाओं का सामना करना पड़ता है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार नहीं होता है।

* दक्षिण दिशा में टॉयलेट भी नहीं बनाना चाहिए। वास्तु के नियमों के अनुसार, दक्षिण में टॉयलेट होने काफी हानिकारक होता है। अगर इस दिशा में टॉयलेट होने पर काम बनते बनते बिगड़ने लगते हैं। साथ ही लोगों की लोकप्रियता भी खराब हो जाती है।

* दक्षिण दिशा को मंगल की दिशा और यम की दिशा भी माना गया है। इसे यम के द्वार भी कहा जाता है। इस दिशा अगर काले या नीला रंग बोता है तो वह आपको कोर्ट केस या दुर्घटना आदि होने की आशंका अधिक रहती है। साथ ही इस दिशा में घर में पानी का जमाव न होने दें। क्योंकि, इसे सबसे बड़ा वास्तु दोष माना गया है। भूलकर भी इस दिशा में स्फटिक टैंक या स्विमिंग पूल न बनवाएं।

### दक्षिण दिशा में क्या बना सकते हैं

* दक्षिण दिशा को अग्नि की दिशा भी कहा गया है और यह आपकी प्रसिद्धि से भी जुड़ी दिशा में ऐसे में इस एरिया में आप चाहें तो मास्टर बेडरुम बनवा सकते हैं। इस दिशा में मास्टर बेडरुम होने शुभ परिणाम देता है।

# शनि की महादशा में नवग्रहों की अंतर्दशा का क्या प्रभाव होता है

**शनि ग्रह की महादशा को ज्योतिषशास्त्र में बहुत ही अहम चरण माना गया है। शनि की महादशा 19 वर्षों की होती है। इस दौरान मनुष्य को कुंडली में शनि की स्थिति और अपने कर्मों के अनुसार फल मिलते हैं क्योंकि, शनि देवता को न्याय का देवता कहा गया है। कहते हैं कि शनि महाराज राजा को रंक और रंक को भी राजा बना सकते हैं। शनि महादशा की अवधि के दौरान अलग-अलग ग्रहों की अंतर्दशा भी आती है। मान लीजिए कि शनि की महादशा में चंद्रमा की अंतर्दशा चल रही हो तो जातक को अधिक सावधान रहने की आवश्यकता होती है। वहीं, बुध की अंतर्दशा हो तो यह भाग्य में वृद्धि करता है। इसी प्रकार नवग्रहों की अंतर्दशा का फल अलग-अलग प्राप्त होता है और इनकी अवधि लगभग 11 महीने से लेकर 3 साल तक होती है।**

### शनि की अंतर्दशा का प्रभाव

अगर कुंडली में शनि की महादशा में शनि की अंतर्दशा चल रही हो, तो यह जातक के लिए सबसे अहम अवधि होती है। शनि की अंतर्दशा कुल तीन साल और तीन दिन तक चलती है। इस दौरान कई प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मान-सम्मान में कमी होने की आशंका रहती है। साथ ही, स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक होता है। इन दो साल की अवधि में वात रोग, कफ, ज्वर आदि होने की संभावना रहती है। हालांकि, आपको किसी ऐसे व्यक्ति से लाभ मिल सकता है, जिसकी आपने उम्मीद भी न की हो।

**उपाय : 'महामृत्युंजय मंत्र' नियमित रूप से विधिपूर्वक जाप करें।**

### बुध की अंतर्दशा का प्रभाव

जब शनि की महादशा में बुध की अंतर्दशा चल रही हो तो यह जातक के भाग्य में भी वृद्धि कर सकती है। इसकी कुल अवधि दो साल, आठ महीने और नौ दिन तक होती है। इस दौरान मनुष्य के सुख-सौभाग्य और संपत्ति में वृद्धि होने के योग बने रहते हैं। साथ ही, समाज में मान-सम्मान बढ़ता है और कारोबार में उन्नति के मार्ग खुलते हैं। इस अवधि में जातक को मित्रों से सहयोग भी मिलता है। लेकिन बुध की अंतर्दशा में जातक को अपने पुत्र, भाई या बहन के स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक होता है।

**उपाय : श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।**

### शनि की महादशा में केतु की अंतर्दशा का प्रभाव

अगर शनि की महादशा में केतु की अंतर्दशा चल रही हो, तो इस अवधि के दौरान जातक को धैर्य रखना आवश्यक होता है। केतु की अंतर्दशा कुल एक साल, एक महीना और एक दिन तक रहती है। माना जाता है कि इस दौरान घर-परिवार में पुत्र या पुत्री से विवाद होने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक होता है। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना और विरोधियों से सतर्क रहना भी जरूरी होता है। आर्थिक मामलों में बाधाएं या रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है।

**उपाय : सफेद-काले कुत्ते को रोटी खिलाएं या सफेद-काले कंबल का दान करें।**

### शुक्र की अंतर्दशा का प्रभाव

जब शनि की महादशा में शुक्र की अंतर्दशा चल रही हो तो इस अवधि को अच्छा माना जाता है। यह कुल तीन साल और दो महीने तक चलती है। इस दौरान जातक को समृद्धि और मान-सम्मान प्राप्त हो सकता है। संतान की ओर से भी सुख मिलने के योग होते हैं। कृषि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को उन्नति और व्यवसाय के क्षेत्र में प्रगति मिलने के योग बनने लगते हैं। जो जातक आयात निर्यात का व्यापार करते हैं उन्हें अधिक लाभ मिलने की संभावना होती है।



**उपाय : दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।**

### सूर्य की अंतर्दशा का प्रभाव

अगर शनि की महादशा में सूर्य की अंतर्दशा चल रही हो तो इस अवधि मनुष्य को सजग रहना चाहिए। यह अवधि कुल ग्यारह महीने और 12 दिन की होती है। इस दौरान अनेक प्रकार की समस्याएं सामने आ सकती हैं। जातक को उदर विकार या नेत्र संबंधी परेशानी होने की आशंका रहती है। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सतर्कता बरतनी चाहिए। मान-सम्मान में कमी और धन संबंधी परेशानी की संभावना बन सकती है। परिवार में जीवनसाथी और पुत्र के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना आवश्यक होता है।

**उपाय : आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें और सूर्यदेव को जल अर्पित करें।**

### चंद्रमा की अंतर्दशा का प्रभाव

जातक को चंद्रमा की अंतर्दशा में सबसे अधिक सावधान रहना जरूरी होता है। शनि की महादशा में चंद्रमा की अंतर्दशा कुल एक साल और सात महीने तक रहती है। इस अवधि के दौरान जीवनसाथी और अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना आवश्यक होता है। किसी भी छोटी सी परेशानी को नजरअंदाज न करें। चिकित्सक से परामर्श लेना फायदेमंद होता है। अन्यथा यह आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। ऐसे में इस अवधि के दौरान मन को शांत रखना चाहिए और जल्दबाजी में कोई भी निर्णय लेने से बचना चाहिए। जल संबंधी कार्यों में भी सावधान रहना आवश्यक होता है।

**उपाय : सफेद चीजों जैसे- चावल, चांदी, सफेद तिल आदि का दान करें।**

# धुरंधर द रिवेंज की सफलता के बीच रणवीर सिंह ने की आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात



अभिनेता रणवीर सिंह फिलहाल अपनी लेटेस्ट फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' की सक्सेस को इन्जॉय कर रहे हैं। फिल्म अब तक 1671 करोड़ का कलेक्शन जुटाने में कामयाब हुई है। इसी बीच अभिनेता को आरएसएस के हेड क्वार्टर में देखा गया। इस दौरान रणवीर सिंह सिंपल व्हाइट कुर्ता-पजामा में दिखे। रणवीर सिंह हाल ही में नागपुर में आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार गोलवलकर स्मृति स्थल व स्मारक स्थल पहुंचे और फिर मोहन भागवत से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि मुलाकात का यह सिलसिला 4 घंटे तक चला। अभिनेता शाम 4 बजे नागपुर में आरएसएस के हेडक्वार्टर पहुंचे थे और करीब 8 बजे वहां से मुंबई के लिए रवाना हुए थे। हालांकि दोनों के बीच किन विषयों को लेकर बातचीत हुई, यह साफ नहीं हो पाया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस मुलाकात में 'धुरंधर: द रिवेंज' की सफलता और संघ के प्रभावी कामकाज को लेकर विस्तार में बातचीत हुई है। सोशल मीडिया पर भी अभिनेता के नागपुर जाने और मोहन भागवत से मिलने की फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं। इससे पहले अभिनेता संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रखे गए कार्यक्रम का भी हिस्सा बने थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी वीडियो जारी कर संघ को 100 साल पूरे होने की बधाई दी थी। रणवीर सिंह संघ के कार्य और कार्य करने के तरीके से बहुत प्रभावित हैं। अभिनेता की 'धुरंधर: द रिवेंज' की वजह से हर तरफ चर्चा हो रही है। फिल्म में अभिनेता की एक्टिंग और एक्शन दोनों की भर-भर कर तारीफ हो रही है। फिल्म का हर किरदार शानदार रहा। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बाद अभिनेता की यह पहली सुपरहिट फिल्म रही है, जिससे 1671 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है। अभी तक यह रिकॉर्ड बाहुबली-2 और पुष्पा-2 जैसी फिल्मों के नाम रहा है, लेकिन फिल्म इनका रिकॉर्ड तोड़ने के भी बहुत करीब है।



# नेशनल पेट डे पर कुब्रा सैत ने मजेदार अंदाज़ में जताया अपनी पेट शिफू सैत के प्रति प्यार

इस नेशनल पेट डे पर कुब्रा सैत ने अपने फैंस को अपनी प्यारी बिल्ली शिफू सैत से मिलवाते हुए, उसके साथ अपने प्यारे और शरारती रिश्ते की एक झलक दिखाई है, जो जितना क्यूट है, उतना ही मजेदार भी है।

हाल ही में सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में कुब्रा मज़ेदार अंदाज़ में अपनी फेलाइन साथी पर खूब प्यार लुटाती नजर आ रही हैं, जो देखते ही देखते चर्चा का विषय बन गया है हालांकि उससे बात करते हुए ओवर-द-टॉप अंदाज में गुनगुनाती कुब्रा सैत की इस क्लिप को खास बना रहा है शिफू के प्रति प्यार जताने का उनका ह्यूमरस अंदाज़। हालांकि इन सबसे बेफिक्र उनकी बिल्ली शिफू, भी कहीं न कहीं इसे एंजॉय करती नज़र आ रही है, जिससे हर पेट पैरेंट तुरंत रिलेट कर सकता है। यकीन मानिए कुब्रा की एक्सप्रेसिव सिंगिंग और ओवर-द-टॉप क्यूट बातों ने एक साधारण पल को भी बेहद एंटरटेनिंग बना दिया है। यह वही अनफिल्टर्ड और कैंडिड इंटरैक्शन है, जो दिखाता है कि पालतू जानवर हमारे अंदर के सबसे बेफिक्र और असली रूप को बाहर ले आते हैं।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो फैंस के साथ गहराई से जुड़ गया है, क्योंकि कई लोग इसमें अपनी ही हरकतों की झलक देख रहे हैं। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि पालतू जानवरों के लिए प्यार हमेशा शांत और सधा हुआ नहीं होता, बल्कि कभी-कभी वह मस्तीभरा और बिल्कुल बेपरवाह भी हो सकता है। शायद यही वजह है कि यह इतनी बड़ी संख्या में लोगों के दिलों को छू रहा है।

फिलहाल अपनी दमदार परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली कुब्रा सैत प्रोफेशनल मोर्चे पर भी लगातार अपने कामों में व्यस्त हैं। वैसे सैक्रेड गेम्स और 'सन ऑफ सरदार 2' जैसे प्रोजेक्ट्स के साथ हर बार अपनी वर्सेटिलिटी साबित कर चुकीं कुब्रा सैत ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन,हर बार अपनी छाप छोड़ना जानती हैं, लेकिन इस बार लगता है उनसे बाज़ी मार ले गई हैं उनकी प्यारी फरी को-स्टार शिफू सैत।

# 'कॉकटेल 2' के गाने 'जब तलक' के सेट पर छाई थी पॉजिटिव एनर्जी : शाहिद कपूर



अभिनेता शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'कॉकटेल 2' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। इस बीच मेकर्स ने बुधवार को फिल्म के पहले गाने 'जब तलक' को रिलीज कर दिया है, जिसे शाहिद कपूर ने बेहद खास बताया। उन्होंने बताया कि गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर बहुत ही खुशनुमा और पॉजिटिव एनर्जी थी। शाहिद के लिए यह गाना खास इसलिए है क्योंकि यह फिल्म का पहला गाना है। शाहिद कपूर ने कहा, इस गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर बहुत पॉजिटिव एनर्जी थी। हम सबने साथ में बहुत अच्छा समय बिताया। सब कुछ आसान, खुशनुमा और सहज लग रहा था। यही चीजें स्क्रीन पर भी दिख रही हैं। मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक इस गाने में मौजूद ईमानदारी और खुशी को स्क्रीन पर महसूस करेंगे और खुद को इससे जोड़ पाएंगे। जब तलक गाने में युवा जोश, धूप और खुशमिजाजी का खूबसूरत एहसास है। प्रीतम ने गाने को कंपोज किया है, जबकि अरिजीत सिंह और अकासा ने इसे अपनी आवाज दी है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

अभिनेत्री कृति सेनन ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब तलक' में एक बहुत अच्छा और फील-गुड एहसास है। इसकी शूटिंग करना दोस्तों के साथ गर्मियों की छुट्टियां बिताने जैसा था। सिसली के खूबसूरत नजारे, हंसी-मजाक, संगीत और मस्ती से भरा माहौल था। शाहिद और रश्मिका के साथ काम करना बहुत मजेदार रहा। इंटरनेशनल क्रू और डांसर भी गाने की एनर्जी में पूरी तरह शामिल थे और इसे गुनगुना रहे थे।

रश्मिका मंदाना ने भी अपनी खुशी जताते हुए कहा, मेरे लिए 'जब तलक' गाना प्यार, दोस्ती और उन बेफिक्र पलों के बारे में है जिन्हें आप हमेशा याद रखना चाहते हैं। गाने में सुकून और खुशमिजाजी भरा एहसास है। शाहिद और कृति के साथ काम करना भी शानदार और मजेदार रहा। उनके साथ काम करके बहुत मजा आया। 'कॉकटेल 2' 2012 में आई हिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। इस नई फिल्म में पूरी तरह नई स्टार कास्ट नजर आएगी। फिल्म की कहानी लव रंजन और तरुण जैन ने लिखी है। यह फिल्म पुरानी फ्रैंचाइजी की कहानी को नए अंदाज में आगे बढ़ाएगी। फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण ऐतिहासिक कदम... रुपाली गांगुली ने जताई खुशी

अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण वाले बिल को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई है। रुपाली ने कहा कि यह बिल साल 2023 में पास होने के बाद अब लागू होने जा रहा है, जिससे अगले चुनाव से संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी। रुपाली गांगुली ने कहा, सालों लगे, लगभग 27-28 साल लग गए। 2023 में बिल पास हुआ और अब जाकर यह लागू होने वाला है। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पहले लगता था कि कोई पीछे से आ तो नहीं रहा, अब यह है कि मेरे पीछे मेरी सरकार है। अभिनेत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए इतने बड़े सुधार मोदी जी के आने के बाद ही संभव हो पाए। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पहले के समय में बच्चियों को जन्म के समय ही मार दिया जाता था या दूध में डुबो दिया जाता था, लेकिन अब ऐसी खबरें सुनाई नहीं देतीं।

रुपाली ने कहा, मोदी जी हर महिला को अपनी मां, बहन और बेटी के रूप में देखते हैं। उन्होंने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रही हूं कि मेरे देश में अब संसद में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के प्रसिद्ध वाक्य एक बाई शिकली तर पूर्णा परिवार शिकतो का हवाला देते हुए कहा कि एक महिला पढ़ जाती है तो पूरा परिवार पढ़ जाता है। हम बहुत लंबा सफर तय कर चुके हैं, लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है।

रुपाली गांगुली ने कहा कि समाज में अभी भी कई घरों में लड़कियों के साथ भेदभाव होता है, लेकिन अब धीरे-धीरे माइंडसेट बदल रहा है। उन्होंने अपनी पसंदीदा फिल्म 'धुरंधर' और टीवी शो 'अनुपमा' का उदाहरण देते हुए कहा कि ये कहानियां समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। 'अनुपमा' में पहली बार टीवी पर 'जय श्री राम' का नारा लगाया गया और रामनवमी दिखाई गई, जो पहले नहीं होता था।

महिलाओं के आरक्षण का पॉलिसी पर क्या असर पड़ेगा? इस सवाल पर रुपाली गांगुली ने कहा कि जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ आएंगी तो नीति-निर्माण में बड़ा बदलाव आएगा। महिलाएं एक मां, बेटी और बहन के नजरिए से सोचती हैं। उनकी सोच में भावनात्मक दृष्टिकोण ज्यादा होता है, जो शिक्षा, महिला सुरक्षा और परिवार से जुड़े मुद्दों पर बेहतर नीतियां बनाने में मदद करेगा। हां लेकिन मेरा ये कतई कहना नहीं है कि पुरुषों में भावनाएं नहीं हैं। उनमें भी होती है।

उन्होंने कहा, हम सशक्तिकरण की बात करते रहते हैं, लेकिन अब महिलाओं को असली शक्ति मिल गई है। जब महिलाएं खुद नीतियां बनाएंगी तो शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आएगा।

पीएम मोदी के साथ ही रुपाली ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की और कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और रात में बाहर निकलने की स्थिति को बेहतर बनाया है। अंत में रुपाली गांगुली ने कहा, मेरे सेट पर हेयरड्रेसर से लेकर सभी महिलाएं इस खबर से बहुत उत्साहित हैं। यह बदलाव ग्रासरूट स्तर तक पहुंच गया है। मैं मोदी जी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने वो कर दिखाया जो कोई और नहीं कर सकता था।

# छोटे उस्तादों के साथ थिरकीं नीरू बाजवा जवाक के सेट से शेयर की मस्ती भरी झलक



पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा जल्द ही फिल्म 'जवाक' में नजर आएंगी। गुरुवार को नीरू ने सॉन्ग 'जवाक' की शूटिंग का मजेदार बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो इसलिए भी खास और मजेदार लग रहा है क्योंकि इसमें नीरू बच्चों के साथ मस्ती कर रही हैं और उनकी एनर्जी को मैच करते हुए डांस कर रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, संभलकर...छोटे-छोटे बच्चों में भी बहुत ज्यादा टैलेंट होता है। वाहेगुरु हमेशा आपको खुश और तरक्की में रखे। हमारी फिल्म जवाक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शूटिंग के दौरान बच्चों के साथ उनका यह मजेदार वीडियो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है।

सॉन्ग 'जवाक' काफी मजेदार है। इसमें नीरू बच्चों के साथ डांस करती दिख रही हैं। गाने को वरी राय ने लिखा है, जबकि संभी ने इसका संगीत तैयार किया है। गाना सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं।



फिल्म 'जवाक' का निर्देशन जतिंद्र महुअर जबकि निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में नीरू बाजवा के साथ गुरी घुमन, निर्मल ऋषि, बी.एन. शर्मा, राणा रणबीर और रविंदर मांड मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को लेकर मुख्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

नीरू बाजवा पंजाबी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया है और दर्शकों का खूब प्यार बटोरा है। अब उनकी नई फिल्म 'जवाक' को लेकर काफी उत्सुकता है। यह फिल्म पंजाबी भाषा में है और इसमें नीरू की मजबूत अभिनय शैली एक बार फिर देखने को मिलेगी।

अभिनेत्री हिंदी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आई थीं। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में अभिनेत्री नीरू ने 'डिंपल' नाम का एक महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, रवि किशन और दीपक डोबरियाल भी हैं। यह फिल्म 2012 की सुपरहिट फिल्म का सीक्वल है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आप इस दिन को अपनी ज़िन्दगी में कभी नहीं भूलेंगे, अगर आप प्यार में डूबने के मौक़े को आज यूँ ही न गवाएँ तो। अगर आपका साथी अपना वादा न निभाए तो बुरा महसूस न करें– आपको बैठकर बातचीत के ज़रिए मामला सुलझाने की ज़रूरत है। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आपको ख़ुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराज़गी सभी के लिए नुक़सानदेह है और यह सोचने–समझने की ताक़त को ख़त्म कर देती है। इससे सिर्फ़ मुश्किल बढ़ती है। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. जो अपने प्रिय के साथ छुट्टियाँ बिता रहे हैं, ये उनकी ज़िन्दगी के सबसे यादगार लम्हों में से होंगे। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कारोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है। आपके प्रिय का मूड ठीक नहीं है, इसलिए सोच–समझ कर कोई भी काम करें। आप लम्बे समय से दफ़्तर में किसी से बात करना चाह रहे थे। आज ऐसा होना मुमकिन है। कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। ज़्यादा ख़र्चे की वजह से जीवनसाथी से खट–पट हो सकती है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। पढ़ाई की क़ीमत पर घर से ज़्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता–पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना–कूदना। इसलिए माता–पिता को ख़ुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना ज़रूरी है। प्यार के मामले में आज आप ग़लत समझे जा सकते हैं। आज जितना हो सके लोगों से दूर रहें। लोगों को वक्त देने से बेहतर है अपने आपको वक्त दें। लेकिन आज सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपका ऊर्जा–स्तर ऊँचा रहेगा। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए अच्छा समय है। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। यदि आप नई जानकारी और क्षमताएँ विकसित करने की थोड़ी ज़्यादा कोशिश करेंगे, तो आपको बहुत लाभ होगा। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। लंबे समय से कामकाज का दबाव आपके वैवाहिक जीवन के लिए कठिनाई खड़ा कर रहा है। लेकिन आज सारी शिकायतें दूर हो जाएंगी।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस–पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। बाहरी चीज़ों का अब कोई ख़ास मायने आपके लिए नहीं बचा है, क्योंकि आप ख़ुद को हमेशा प्यार की ख़ुमारी में महसूस करते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रतिद्वन्द्वियों को अपने ग़लत कामों का फल मिलेगा। वैवाहिक जीवन के लिहाज़ से यह बढ़िया दिन है। साथ में एक अच्छी शाम गुज़ारने की योजना बनाएँ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

ठूँस–ठूँस कर खाने और ज़्यादा कैलोरी की चीज़ें खाने से बचिए। माली सुधार की वजह से ज़रूरी ख़रीदारी करना आसान रहेगा। ऐसे दोस्तों के पास जाएँ, जिन्हें आपकी ज़रूरत है। आज आप कोई दिल टूटने से बचा सकते हैं। पेशेवर तौर पर अपने अच्छे काम की पहचान आपको मिल सकती है। इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरुरत है। यदि आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गये हैं तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अपने पैसे को संचय करने के लिए आज अपने घर के लोगों से आपको बात करने की जरुरत है। उनकी सलाह आपकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मददगार होगी। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। थोड़े बहुत टकराव के बावजूद भी आज आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और आप अपने संगी को खुश रखने में कामयाब होंगे। आज फ़ायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली–भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ। लंबे अरसे के बाद जीवनसाथी के साथ काफ़ी वक़्त गुज़ारने का मौक़ा मिल सकता है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फ़ायदेमन्द साबित होंगे। आज आपके माता–पिता में से कोई आपको धन की बचत करने को लेकर लेक्चर दे सकता है, आपको उनकी बातों को बहुत गौर से सुनने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में परेशानी आपको ही उठानी पड़ेगी। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा। कोई आपको दिल से सराहेगा। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके पक्ष में लगती हैं। जीवनसाथी से अच्छी बातचीत हो सकती है; आप महसूस करेंगे कि आप–दोनों में कितना प्यार है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

बैंक से जुड़े लेन–देन में काफ़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत है। घर में और आस–पास छोटे–मोटे बदलाव घर की सजावट में चार चांद लगा देंगे। आज आपको निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि मुमकिन है कि आप अपने प्रिय के साथ सैर–सपाटे पर न जा पाएँ। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। व्यवसाय के लिए अचानक की गयी कोई यात्रा सकारात्मक परिणाम देगी। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। कोई व्यक्ति आपके जीवनसाथी में काफ़ी दिलचस्पी दिखा सकता है, लेकिन दिन के आख़िर तक आपको एहसास होगा कि इसमें कुछ ग़लत नहीं है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। घर पर आपके बच्चे आपके सामने किसी समस्या को तिल का ताड़ बनाकर पेश करेंगे– कोई भी क़दम उठाने से पहले तथ्यों की भली–भांति पड़ताल कर लें। जॉब करने वाले जातकों को आज कार्यक्षेत्र में सोच–समझकर चलने की जरुरत है। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की ज़रूरत है, ताकि आप दोनों एक–दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकेगें। आपका खाली समय आज मोबाइल या टीवी देखने में बर्बाद हो सकता है। इससे आपके जीवनसाथी को आपसे खिन्नता भी होगी क्योंकि आप उनसे बात करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाएँगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 12 अप्रैल 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2083
मास : वैशाख ,कृष्ण पक्ष
तिथि : दशमी रात्रि 01:19 तक
नक्षत्र : श्रवण दोपहर 03:14 तक
योग : साध्य रात्रि 06:14 तक
करण : वणिज दोपहर 01:06 तक
चन्द्रराशि : मकर रात्रि 03:45 तक
सूर्योदय : 06:02, सूर्यास्त 06:31 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:09, सूर्यास्त 06:32 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:01, सूर्यास्त 06:25 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:54, सूर्यास्त 06:22 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भद्रा दोपहर 01:07 से रात्रि 01:20 तक ,
पंचक रात्रि 03:45 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# महात्मा ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय और शिक्षा की ज्योति जलाई :भजनलाल शर्मा

**दौसा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन महिला, किसान, मजदूर समेत शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा ज्योतिबा फुले के मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सामाजिक एकता और समरसता के मार्ग पर चलकर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।



शर्मा शनिवार को बांदीकुई में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती एवं विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने ज्योतिबा फुले को सच्चा महात्मा कहा था। वहीं, बाबा साहेब ने इनको अपने तीन गुरुओं में से एक माना था। महात्मा ज्योतिबा फुले ने पिछड़ों और महिलाओं के मन में सामाजिक न्याय और शिक्षा की ज्योति जलाई। उन्होंने सामाजिक सुधार की शुरूआत सबसे पहले सावित्री बाई फुले को शिक्षित कर की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने झुग्गी–झोपड़ियों में जाकर बेटियों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधवाओं और अनाथों के लिए आश्रय गृह खोले एवं महिला अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने महिला अधिकारों के लिए मंगलाष्टकों की रचना की। ज्योतिबा फुले ने पीड़ित किसानों और मजदूरों के हितों के लिए भी संघर्ष किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष लाल किले की प्राचीर से पूरे देश को महात्मा फुले की 200वीं जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाने का संकल्प दिलाया था। इसी क्रम में आज से 10 अप्रेल 2027 तक पूरे वर्ष को महात्मा ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महात्मा फुले के मिशन से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री ने अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं, जिनसे पिछड़ों, दलितों और महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम उज्ज्वला योजना एवं जन धन योजना से बड़ी संख्या में महिलाएं लाभांवित हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी पहलों से देश में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से मुक्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य कर रही है। पीएम किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपये की सालाना राशि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए किसानों को 150 रुपये का बोनस दे रहे हैं। वहीं, 20 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित कर 16 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आमजन एवं किसानों के लिए सवा दो साल से हमारी सरकार महत्वपूर्ण पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। प्रदेश के 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गत सरकार में पेपरलीक से युवाओं के सपने टूटे, लेकिन हमारी सरकार में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। अब तक 1 लाख 25 हजार से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं एवं 1 लाख 25 हजार सरकारी नौकरियों की भर्ती का मार्ग प्रशस्त कर कैलेण्डर जारी किया है।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए, जिनमें से लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुशपालकों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में मंगला पशु बीमा योजना और गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जा रही है। वहीं, दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान भी दिया जा रहा है।

## राजस्थान के हर ब्लॉक में खुलेगी सावित्रीबाई फुले ई–लाइब्रेरी:भजनलाल

**बांदीकुई (दौसा), 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बांदीकुई के राजेश पायलट राजकीय पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के प्रदेश स्तरीय समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए फुले दंपती के योगदान को नमन किया। हर ब्लॉक में ई–लाइब्रेरी और हर जिले में आदर्श स्कूल : मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं और छात्रों के लिए दो बड़ी सौगातें दीं।

राजस्थान के प्रत्येक ब्लॉक में एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्याधुनिक ई–लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।महात्मा ज्योतिबा आदर्श स्कूल: प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक राजकीय सीनियर स्कूल को 'महात्मा ज्योतिबा आदर्श स्कूल' के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्रीजनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों और महिला शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, ऐसे महापुरुष के जयंती समारोह में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। हमारी सरकार उनके अंत्योदय के विजन को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बांदीकुई क्षेत्र के लिए कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया।

## मेरे लिए जनता के प्यार से बड़ा कोई पद नहीं : वसुन्धरा राजे



**जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने स्पष्ट किया है कि झालावाड़ जिले के कामखेड़ा बालाजी प्रांगण में सांसद दुष्यंत सिंह की पदयात्रा के अवसर पर उनका वहाँ के लोगों से जो संवाद हुआ, उसे ग़लत संदर्भ से जोड़ कर ग़लत प्रचारित किया जा रहा है, जो एक षड्यंत्र के अलावा कुछ भी नहीं है। राजे ने कहा कि मैंने कभी पद की बात नहीं की। मैं पहले भी कई बार कह चुकी हूँ कि मेरे लिए जनता के प्यार से बड़ा कोई पद नहीं है, जो प्रदेश में मुझे सर्वाधिक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र से होकर एक फ़ोरलेन सड़क बन रही है, जिसके बाइपास का वहाँ के लोग एलाइमेंट बदलवाना चाहते थे।

मैं उनको उदाहरण दे कर समझा रही थी कि धौलपुर में मेरे घर के सामने से राष्ट्रीय राजमार्ग निकला तो मुझे भी अपने घर की बाउंड्री पीछे लेनी पड़ी थी। मैं अपने आपके लिए नहीं लड़ सकी। जब मेरा घर ही रोड में चला गया। नियमों के कारण मैं अपना घर ही टूटने से नहीं बचा सकी तो आपका कैसे बचाऊँगी?

राजे ने कहा कि झालावाड़ को उन्होंने कभी राजनीतिक क्षेत्र नहीं माना, अपना परिवार माना है, जहाँ के लोगों से उनका ऐसे ही अनौपचारिक संवाद होता है। इसे ग़लत ढंग से परोसना साज़िश ही है।

## शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** राज्य में शहरी विकास से संबंधित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में अमृत 2.0 (अटल मिशन फॉर रीजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

अमृत 2.0 के अंतर्गत विभिन्न जिलों में संचालित सीवर लाइन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों में हो रही देरी के कारणों की जांच कर उन्हें निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण कर कार्यों की वास्तविक भौतिक प्रगति का आकलन करने तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया ।

अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत सीवरेज क्षेत्र में कुल 48 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल लागत 5950.86 करोड़ रुपये हैं। इनमें से 42 परियोजनाओं के लिए 4652.82 करोड़ रुपये की राशि के कार्यादेश (एलओआई) जारी किए जा चुके हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अब तक 2047 करोड़ रुपये की राशि शहरी स्थानीय निकायों को जारी की जा चुकी हैं। योजना में लगभग 2522.65 करोड़ रुपये राशि के कार्यों में 54 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है।

शासन सचिव ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्रदेश में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत आवेदनों के ऋण का शीघ्र वितरण किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। बैंकों के पास स्वीकृति हेतु लंबित आवेदनों तथा बैंकों द्वारा लौटाए गए आवेदनों में आवश्यक कमियों को दूर कर शीघ्र दुबारा प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा योजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

जैन ने सामुदायिक शौचालय, सार्वजनिक शौचालय एवं पिंक टॉयलेट्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के जिलों की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा समन्वित प्रयास किए जाएं।

## सुखाड़िया यूनिवर्सिटी समेत कई विवि में नियुक्तियों पर सस्पेंस बरकरार

**जयपुर/उदयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान के उच्च शिक्षा जगत से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में 'कुलगुरु' के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया अब एक लंबी प्रतीक्षा में तब्दील हो गई है। पैनल में शामिल स्थानीय दिग्गज प्रोफेसर्स टकटकी लगाए राजभवन के फैसले का इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन नियुक्ति की सुई अभी भी 'अटकी' हुई है।

विशेषकर झीलों की नगरी उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में माहौल गरमाया हुआ है। सुखाड़िया विवि के इतिहास पर नज़र डालें तो एक लंबा अरसा बीत चुका है जब किसी बाहरी चेहरे को कमान सौंपी गई थी। इस बार गलियारों में एक ही चर्चा है–क्या इस बार स्थानीय प्रतिभा को मौका मिलेगा? विश्वविद्यालय के भीतर और शहर के प्रबुद्ध वर्ग में इस बात को लेकर भारी सुगबुगाहट है कि उदयपुर में ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके कई दिग्गज प्रोफेसर मौजूद हैं।

### हरियाणा में किसानों का बड़ा आंदोलन

## नए खरीद नियमों के विरोध में चक्का जाम, सिरसा में हाईवे पर डटे किसान

**चंडीगढ़/सिरसा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा में रबी फसलों की खरीद के नए नियमों को लेकर किसानों और सरकार के बीच टकराव बढ़ गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (डयच्) के आह्वान पर आज प्रदेश भर के किसान संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार सुबह 11 बजे से ही किसानों ने कई जिलों में प्रदर्शन शुरू कर दिए, जिससे प्रदेश की यातायात व्यवस्था और मंडियों का कामकाज प्रभावित हुआ है। आंदोलन का सबसे ज्यादा असर सिरसा जिले में देखने को मिल रहा है। यहाँ भावदीन टोल के पास किसान बड़ी संख्या में हाईवे पर बैठ गए हैं, जिससे दिल्ली–सिरसा मार्ग बाधित हो गया है। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक को अन्य रास्तों पर डायवर्ट किया है।




सिरसा के अलावा पानीपत और फतेहाबाद में भी किसान हाईवे तक पहुँच गए हैं और विरोध प्रदर्शन जारी है।किसान संगठनों ने आज सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में फसल की तुलाई (तौल) बंद करने का निर्णय लिया है। किसानों का आरोप है कि सरकार ने खरीद प्रक्रिया में जटिल और अव्यवहारिक नए नियम थोप दिए हैं। अधिकारियों की गड़बड़ी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

किसान नेताओं का कहना है कि सरकार ने फसल खरीद के लिए जो नए नियम लागू किए हैं, वे किसान विरोधी हैं। संगठनों ने इन नियमों को वापस लेने के लिए सरकार को 10 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया था। सरकार की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने के कारण आज प्रदेशव्यापी प्रदर्शन की कॉल दी गई है।किसानों के आंदोलन को देखते हुए हरियाणा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

## अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद, पटीकरा में 15 को भव्य आयोजन

**नारनौल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 15 अप्रैल को गांव पटीकरा में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अटेली में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान राव नरेंद्र सिंह और जिला अध्यक्ष सत्यवीर यादव झुकिया ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर नव युवक मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बाबा साहेब के आदर्शों और उनके सामाजिक योगदान को समर्पित होगा। सत्यवीर झुकिया ने कहा कि बाबा साहेब का संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। दौरे के दौरान राव नरेंद्र सिंह ने विभिन्न सामाजिक और आर्थिक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाना और शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

### हरियाणा के डीजीपी की चेतावनी

## गन कल्चर और आपत्तिजनक कंटेंट पर होगी कड़ी कार्रवाई

**चंडीगढ़ , 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने सोशल मीडिया पर 'गन कल्चर' को बढ़ावा देने और आपत्तिजनक या गुमराह करने वाले कंटेंट के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अजय सिंघल ने जानकारी दी कि 1 जनवरी से 10 अप्रैल के बीच कुल 6,083 आपत्तिजनक, गुमराह करने वाले और कानून–व्यवस्था को बिगाड़ने वाले यूआरएल, कंटेंट, ऐप्स और वेबसाइट्स को हटा दिया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विस्तृत आंकड़ों से पता चलता है कि इनमें से 4,278 यूआरएल मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पोस्ट शामिल हैं) से जुड़े थे। 1,172 यूट्यूब लिंक थे और 372 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए पोस्ट थे। इसके अलावा, 167 पोस्ट अन्य प्लेटफॉर्म से, जबकि 53 टेलीग्राम, 36 रेडिट और 5 स्नैपचैट से किए गए थे। डीजीपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि हथियारों, हिंसा को बढ़ावा देने वाले, महिलाओं से जुड़ा अश्लील कंटेंट दिखाने वाले, बच्चों और लड़कियों को अभद्र और आपत्तिजनक तरीके से पेश करने वाले, और हरियाणा व उसके लोगों की नकारात्मक छवि दिखाने वाले फर्जी कंटेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी गतिविधियां न सिर्फ सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि राज्य में शांति और सद्भाव को भी प्रभावित करती हैं।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी श्रद्धांजलि : कहा

## महिला शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए उनका योगदान अतुलनीय

**चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महान समाज सुधारक और 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने महात्मा फुले के जीवन संघर्ष को याद करते हुए उन्हें सामाजिक न्याय का सच्चा अग्रदूत बताया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संदेश में कहा, महान समाज सुधारक एवं नारी शिक्षा के अलख जगाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर उन्हें कोटि–कोटि नमन! उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वंचितों, शोषितों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के महान आदर्श और प्रेरक विचार समाज के लिए हमेशा उपयोगी और मूल्यवान बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि फुले जी ने उस दौर में शिक्षा की महत्ता को समझा और समाज के सबसे पिछड़े तबके को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। आज की पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा और सत्य के माध्यम से समाज में बदलाव लाया जा सकता है।



अंत्योदय और सामाजिक समरसता पर जोर : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले के 'अंत्योदय' और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महिला शिक्षा और किसानों के अधिकारों के प्रति उनके विचार आज भी हमारी नीतियों का आधार हैं।

मुख्यमंत्री के साथ-साथ हरियाणा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

## क्या आप जानते हो

# ...36 साल चलेगा सैमसंग का बल्ब



घर के कुछ काम सिर्फ पुरुषों के जिम्मे माने जाते हैं। इनमें से एक है फ्यूज बल्ब को हटाकर नया बल्ब लगाना। लेकिन सैमसंग की नई टेक्नोलॉजी से फ्यूज बल्ब बदलने की प्रक्रिया जिंदगी में सिर्फ एक बार ही करनी पड़ेगी! सैमसंग ने एलईडी बल्बों की नई श्रंखला जारी की है, जो 40,000 घंटे तक जलेंगे। यानी परंपरागत बल्ब की तुलना में इनका जीवन 40 गुना ज्यादा होगा। यह अवधि लगभग 36 साल बैठती है।

**क्या है खास**

सैमसंग ने अपनी डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर बल्ब तैयार किए हैं। इसीलिए इसे सामान्य बल्ब नहीं कह सकते हैं। इसे एलईडी, चिप्स और ड्राइवर्स से तैयार किया है। इस बल्ब की रोशनी आंखों को सुकून देने वाली है। इससे पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता और कम बिजली की खपत के कारण यह पैसा भी बचाएंगे।

**कीमत है ज्यादा**

इन तमाम खूबियों के बावजूद एक बड़ी खामी इनकी ज्यादा कीमत के रूप में सामने है। इस श्रंखला का बेसिक बल्ब 19 डॉलर यानी लगभग 994 रुपए का है, जबकि आकार में बड़े और ज्यादा रोशनी देने वाले बल्ब 70 डॉलर (3,665 रुपए) तक मिलेंगे।

**कहां हैं उपलब्ध**

सैमसंग ने फिलहाल अपने एलईडी बल्ब अमेरिकी बाजार में पेश किए हैं। कंपनी का इरादा इन्हें दुनिया के अन्य बाजार में प्रस्तुत करने का है।

# यह इंसान है या फ्लाइंग मशीन!



**आपने** विमान को हवा में कलाबाजियां दिखाते तो कई बार देखा होगा लेकिन एक इंसान है जो खुद जेटसूट पहनकर हवा में उड़ता है। जी हां, स्विस एअरफोर्स में 17 साल तक फाइटर जेट उड़ाने का अनुभव रखने वाले स्विस पायलट वायवेस रोसी 'जेटमैन' के नाम से मशहूर हैं।

हाल ही में रोसी ने एक खतरनाक स्टंट किया है, जिसमें उन्होंने जेट इंजन से बने पंखों वाला सूट पहनकर आल्पस पर्वत के ऊपर उड़ने का कारनामा दिखाया। इसमें उनके साथ ही दो जेट विमान भी उड़ रहे थे। 52 वर्षीय रोसी ऐसे पहले इंसान हैं जो जेट इंजन से बने सूट पहनकर हवा में स्टंट करते हैं। रोसी के मुताबिक उनका सपना है कि वे इसी तरह उड़कर सारी दुनिया देखें और सारी दुनिया उन्हें।

**क्या खास है इस जेट सूट में:** करीब 55 किलो वजनी रोसी के जेट सूट की खासियत यह है कि इसे उन्होंने खुद बनाया है। इसके पंखों की चौड़ाई 2.4 मीटर है और इसमें 4 इंजन लगाए गए हैं, जो इसे 200 किमी. प्रतिघंटा से भी ज्यादा की गति देने में मदद करते हैं। इस सूट को बनाने में उन्हें 10 साल से ज्यादा का समय लगा और इसके लिए उन्होंने करीब 15 से ज्यादा नमूने तैयार किए।

**ऐसे बनाया सूट:** रोसी ने कार्बन-फाइबर के पंखों वाले सूट का खाका तैयार किया। इसमें उन्होंने जर्मन कंपनी जेट-केट के चार जेट-केटपी200 इंजन लगाए हैं। यह इंजन ऑटोमैटिक स्टार्ट होता है। इसमें ईंधन के लिए वे केरोसिन में ल्यूब्रिकेशन के तौर पर 5 प्रतिशत टर्बाइन ऑइल का उपयोग करते हैं। इसकी ईंधन क्षमता 30 लीटर है।

**क्या है खास**

- 1993 से जेट सूट बनाना शुरू किया
- 2005 में मिली सफलता
- 5 मिनट 40 सेकंड तक पहली बार उड़े हवा में

**पहले भी कर चुके हैं स्टंट**

रोसी इससे पहले भी हवा में कलाबाजियां दिखा चुके हैं। पहली बार वे नवंबर 2006 में करीब 5 मिनट 4क् सेकंड तक हवा में उड़े थे। 2008 में इंग्लिश चैनल पार किया । इसके अलावा वे ग्रैंड कैनयन के ऊपर 8 मिनट तक जबकि इंग्लिश चैनल के ऊपर 13 मिनट तक उड़ने का करतब भी दिखा चुके हैं।

## मंगोलियाई लोककथा: गिलहरी की दोस्ती



**मंगोलिया** के जंगल में भालू और गिलहरी में गहरी दोस्ती थी। दोनों सभी काम, यहां तक कि शिकार भी एक साथ करते थे। भालू अपने साथ-साथ गिलहरी के लिए भी खाना लाता था। गिलहरी को खाने के लिए जो मिलता, उसमें से वह आधा भालू को दे देती थी।

जंगल में रहने वाले लोमड़ को दोनों की दोस्ती फूटी आंख नहीं भाती थी। उसने मन ही मन दोनों की दोस्ती में फूट डालने की ठान ली। एक दिन मौका पाकर लोमड़ ने गिलहरी से कहा, 'क्यों बहन, तुम्हारे दोस्त भालू के क्या हालचाल हैं?' गिलहरी खुश होकर अपनी और भालू की बातें करने लगी। भालू की तारीफ सुनकर लोमड़ गुस्से से तिलमिलाने लगा। वह सब के साथ चालाकी करता था, सबको धोखा देता था, इसलिए कोई उसका दोस्त बनना पसंद ही नहीं करता था। लोमड़ बोला, 'बहन, तुम बहुत भोली हो। तुम नहीं जानती कि भालू तुम्हें बेवकूफ बनाता रहता है?'

'मुझे बेवकूफबनाता है..'

गिलहरी ने पूछा- 'वह कैसे?'

लोमड़- 'भालू जब शिकार लाता है तब खाने से पहले उसे साफ कौन करता है?'

'सफाई तो भालू करता है', गिलहरी ने जवाब दिया।

'क्या तुम जानती हो कि वह ऐसा क्यों करता है। वह सारा बढ़िया माल पहले अपने आप खा लेता है, बचा-खुचा तुम्हें दे देता है। बढ़िया खाना खा-खा कर वह मोटा होता जा रहा है, तुम छोटी की छोटी हो', लोमड़ ने लम्बी सांस ली- 'वैसे मुझे इस बात से क्या लेना देना? जानता हूं कि यह बात बताने का कोई फायदा नहीं..'

लोमड़ गिलहरी के मन में शक का बीज बोकर चलता बना। गिलहरी सोचने लगी- 'लोमड़ कहीं ठीक ही तो नहीं कह रहा था। मैं तो भालू को अपना दोस्त समझती हूं और हो सकता है कि वह मुझे बुद्धू बना रहा हो।' अगले दिन भालू ने गिलहरी के साथ जंगल में फल इकट्ठे किए, उन्हें साफ किया और खाने लगा। गिलहरी से भी खाने के लिए कहा, लेकिन गिलहरी ने बेर नहीं खाए। भालू हैरान था। गिलहरी सोच रही थी- 'शायद लोमड़ सच कह रहा था।'

थोड़ी दूर जाने पर भालू को मधुमक्खियों का छत्ता दिखाई दिया। भालू ने उसे खोला, मुंह डालकर भरपेट शहद खाया। शहद खाने के बाद मूछें साफ करते हुए उसने गिलहरी को शहद खाने के लिए बुलाया। गिलहरी देख रही थी कि भालू ने पहले ही सब खा लिया था। उसको लोमड़ की बात पर पूरी तरह विश्वास हो गया था। 'कोई बात नहीं, भालू को अब मैं सबक सिखाऊंगी।' दूसरे दिन भालू और गिलहरी दोनों शिकार करने गए। भालू के हाथ में एक बकरी की टांग आ गई, वह उसे पकड़कर खींचने लगा। तभी उसको महसूस हुआ कि उसके सिर पर कोई चीज रेंग रही थी। वास्तव में वह गिलहरी थी। गिलहरी ने भालू के सिर पर चढ़कर शिकार को पहले खाने का फैसला कर लिया था। भालू यह सब नही जानता था। बकरी उसके हाथ से निकलकर भाग गई। बेचारा भालू।

आगे भालू को खरगोश दिखा। उसे पकड़ने के लिए वह दबे पांव उसकी तरफबढ़ा। इस बार तो गिलहरी ने हद ही कर दी। वह भालू की आंखों के सामने फुर्ती से उसके सिर पर चढ़कर बैठ गई। भालू भूत समझकर डर से थर-थर कांपने लगा। खरगोश भी झाड़ियों में जा छिपा। गिलहरी ने भालू से बात भी करनी बंद कर दी। उसका पेट ही कितना था? कुछ भी खाकर पेट भर लेती। भालू शिकार पर अकेला जाने लगा था, लेकिन गिलहरी पीछे से जाकर उसको परेशान करना नहीं भूलती। एक दिन भालू को नन्हा सूअर दिखाई दिया। कई दिनों से भालू कोई शिकार नहीं कर पाया था। फल-फूल से उसका पेट कहां भरता। उसे जोर से भूख लगी थी। सूअर को पकड़ने के लिए छलांग लगाई। गिलहरी भी देख रही थी। वह भी उछलकर भालू के सिर पर चढ़कर बैठ गई। भालू सूअर को हाथ से निकल जाने देना नहीं चाहता था। वह गुर्राया- 'तुम मुझसे बचकर भाग नहीं सकते।' वह सूअर को पकड़ने के लिए तेजी से भागा।

भालू को अपनी पीठ पर फिर से कोई चीज चलती हुई महसूस हुई। गिलहरी तो उसको दिखाई नहीं दे रही थी। उसने गुस्से में अपना एक पंजा ज़ोर से पीठ पर दे मारा। पांचों नाखून गिलहरी के सिर से पूंछ तक चुभ गए थे। गिलहरी दर्द से तड़प उठी। भालू कहीं पहचान न ले इसलिए मुश्किल से कराहने की आवाज रोकी। जल्दी ही भालू ने अपना पंजा पीठ पर से हटा लिया। नाखून बाहर निकलते ही गिलहरी भाग खड़ी हुई। दर्द से बेचैन होकर एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूदने लगी। भालू ने दौड़कर सूअर पकड़ लिया।

सूअर ने शिकार से भालू खुश था। कई दिनों के बाद भर-पेट खाना मिला था। हमेशा की तरह भालू ने गिलहरी को आवाज लगाई। गिलहरी नहीं आई। वह तो भालू को अपना दुश्मन समझने लगी थी। बहुत देर तक इंतजार करने के बाद भालू अकेला वापिस लौट गया। गिलहरी पेड़ों के बीच छिपी बैठी थी। उसकी पीठ पर भालू के नाखूनों से बने जख्म ठीक हो गए थे, लेकिन वे काली धारियों में बदल गए थे। आज भी ये काली धारियां गिलहरी को दोस्त को धोखा देने की याद दिलाती हैं। लोमड़ की तरह अब उसका भी कोई दोस्त नहीं था। पेड़ों पर अकेली घूमती रहती। उसने मांस खाना भी छोड़ दिया। भालू को देखकर वह पेड़ों के बीच छिप जाती है।

भालू और और गिलहरी की दोस्ती को दुश्मनी में बदलवाने के कारण लोमड़ आज भी अपनी चालाकियों के लिए बदनाम है।

# क्या आप 'समर रेडी' हैं? आओ, गर्मी से बचें



इन दिनों सूरज अपना तेवर दिखा रहे हैं। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही गर्मी अपना अहसास कराने लगती है और दोपहर होते होते सड़कें सुनसान होने लगती हैं। लू के थपेड़े और चिलचिलाती धूप न केवल हमारी एनर्जी सोख लेती है, बल्कि सेहत के लिये भी बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे में सिर्फ पंखे या कूलर के भरोसे बैठे रहना काफी नहीं है। हमें अपनी जीवनशैली और खान पान में 'समर गियर' डालने की जरूरत है।

गर्मी का मौसम आते ही शरीर पर इसके खराब दिखने लगते हैं। हमारा शरीर एक प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम की तरह कार्य करता है, जो सामान्य परिस्थितियों में शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस (98.4 डिग्री फारेनहाइट) बनाये रखता है। लेकिन तेज धूप के संपर्क में आने पर त्वचा का तापमान बढ़ जाता है, जिससे खून नलिकायें फैल जाती हैं और उनमें खून संचार तेज हो जाता है। शरीर पसीने के माध्यम से तापमान को नियंत्रित करने की कोशिश करता है, परंतु जब यह प्रोसेस काम नहीं करती है, तब शरीर का तापमान खतरनाक स्तर तक पहुँच सकता है। यही स्थिति 'लू लगना' कहलाती है, जो अधिक गंभीर होने पर मस्तिष्क को भी प्रभावित कर सकती है।'लू लगना' सिर्फ एक साधारण बुखार नहीं है, यह जानलेवा भी हो सकता है। यदि आपको चक्कर आ रहे हों, तेज सिरदर्द हो या त्वचा लाल और सूखी पड़ गई हो, तो सावधान हो जायें। यही 'लू लगना' के शुरुआती लक्षण होते हैं।

दोपहर 12 से 4 के बीच बाहर निकलें ने से बचें। यदि किसी जरुरत पड़ने पर निकलना ही पड़े, तो सिर को गीले कपड़े या स्कार्फ से ढंककर निकलें। खाली पेट कभी बाहर न जायें घर से निकलते समय एक गिलास पानी और थोड़ा गुड़ या कुछ खाकर निकलना सुरक्षित रहता है।

गर्मियों में नाक से खून आने यानि नक्सीर की समस्या भी आम हो जाती है। लंबे समय तक धूप में रहने या अधिक गर्मी के कारण नाक की बारीक खून की नलिकायें प्रभावित होती हैं, जिससे अचानक खून निकलने लग सकता है। ऐसी स्थिति में नाक को हल्के से रूई से बंद करें, मुँह से साँस लें और सीधी स्थिति में बैठें। ठंडा पानी डालना या सिर पर ठंडी पट्टी रखना सही उपचार नहीं है। यदि यह समस्या बार बार हो, तो डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें, क्योंकि यह हाई बीपी या अन्य बीमारियों का लक्षण भी हो सकता है।

गर्मी से बचाव के लिए खान पान और दिनचर्या में थोड़ा बदलाव बहुत सहायक हो सकता है। शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे जरूरी है। प्रतिदिन 10 से12 गिलास पानी पियें, लेकिन अत्यधिक ठंडा पानी पीने से बचें। अक्सर हम गलती यह करते हैं कि जब प्यास लगती है, तभी पानी पीते हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि प्यास लगना इस बात का संकेत है कि आपका शरीर पहले ही डिहाइड्रेटेड हो चुका है। हर एक घंटे में एक गिलास पानी पीने की आदत डालें। फ्रिज के ठंडे पानी की जगह मटके का पानी फायदेमंद है।

पानी से भरपूर यानि 'वाटर-रिच' फल जैसे तरबूज, संतरा, मौसमी, अंगूर, खीरा आदि का सेवन करें। नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, आम पना, जलजीरा, फालसा, खस या चंदन का शर्बत शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। नींबू पानी, ताजी छाछ, नारियल पानी और सत्तू का शरबत न केवल प्यास बुझाते हैं, बल्कि शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स भी देते हैं। दही और प्याज को अपने दोपहर के भोजन का हिस्सा जरूर बनायें। प्याज में मौजूद क्वेरसेटिन लू से बचाने में मदद करता है। लौकी, तुरई, पत्तागोभी, सीताफल,पुदीने की चटनी गर्मियों में विशेष रूप से लाभदायक हैं।

गर्मी में हमारी पाचन शक्ति थोड़ी सुस्त हो जाती है। भोजन में हल्का और आसानी से पचने वाला आहार लें। भारी, मसालेदार और तला भुना खाना शरीर में गर्मी बढ़ाता है। तले हुए खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचौरी से दूरी बनाना बेहतर है। इनके बदले पोहा, ढोकला, इडली, उपमा, ओट्स, कॉर्नफ्लेक्स और वेज सैंडविच को लिया जा सकता है। परांठों की बजाय मूँग दाल, चपाती, मौसमी सब्जियाँ, दही और सलाद का सेवन अच्छा होता है।


विशेषकर गर्मियों में जंक फूड या फास्ट फूड जैसे बर्गर, पिज्जा और तँदूरी पकवानों से परहेज करना चाहिये । आइसक्रीम का सेवन भी सीमित मात्रा में करें। चाय और कॉफी का अधिक सेवन शरीर में पानी की कमी बढ़ाता है, इसलिये इन्हें कम पियें। यह धारणा भी गलत है कि ठंडी बीयर शरीर को ठंडक देती है। वास्तव में यह डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ाती है।

गर्मियों में आपके कपड़ों का चुनाव तय करता है कि आप कितना सहज महसूस करेंगे। सिंथेटिक और गहरे रंग के कपड़े गर्मी को सोखते हैं। हल्के रंग के, ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें। सूती कपड़ा पसीने को सोखता है और हवा को शरीर तक पहुंचने देता है।

बाहर निकलते समय चौड़े किनारे वाली टोपी और यूवी प्रोटेक्शन वाले चश्मे का इस्तेमाल करें। बिना एसी के भी घर को 'नेचुरल कूलर' ठंडा रखा जा सकता है। खिड़कियों पर खस के पर्दे या भारी गहरे रंग के पर्दे लगायें। रात के समय जब हवा ठंडी हो, तब क्रॉस वेंटिलेशन के लिये खिड़कियाँ खोल लें। घर के अंदर एलोवेरा या स्नेक प्लांट जैसे पौधे रखें, जो हवा को शुद्ध और ठंडा रखने में मदद करते हैं। संतुलित आहार विहार, पर्याप्त पानी और सावधानीपूर्ण दिनचर्या अपनाकर गर्मी के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है और इस मौसम का आनंद भी ले सकते हैं।




डॉ. महेश शर्मा, एम.डी. (आयुर्वेद)



अगर आप कुशल और बुद्धिमान हैं तो यहां दिए गए तोते को बनाए

## हाथियों के लिए बजाया पियानो



**ताज्जुब** भले लगे, लेकिन कुछ लोग आज भी जानवरों की सेवा के प्रति समर्पित हैं। ब्रिटेन के एक आदमी ने अंधे हाथियों की सेवा करने का बीड़ा उठाया है। यह पियानो वादक अंधे हाथियों के सामने काफी देर तक पियानो बजाकर उनका मनोरंजन करता है।

उसका कहना है कि वह लोगों के बीच अंधे हाथियों के विषय में जागरूकता फैलाना चाहता है। इसीलिए वह इन हाथियों के सामने पियानो बजाता है। यह आदमी पिछले 15 वर्षों से अपनी पत्नी के साथ थाइलैंड में रहकर अंधे हाथियों के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है।

## जिज्ञासा

# सौर व विंड एनर्जी से पावर लेगी बैट्री




स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ऐसी बैट्री का निर्माण कर रहे हैं जो सोलर तथा विंड एनर्जी द्वारा पैदा की गई अतिरिक्त पावर को स्टोर करेगी। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक यह सब संभव हो पाया है एक खास इलेक्ट्रोड से।

एक टेस्ट में पाया गया कि इस इलेक्ट्रोड से 40 हजार बार चार्ज और डिस्चार्ज होने के बाद भी इसमें सामान्य ऊर्जा से 80 प्रतिशत ज्यादा ऊर्जा शेष बची थी। जबकि बहुत बेहतर मानी जाने वाली लीथियम आयन बैट्री चार्ज और डिस्चार्ज की प्रक्रिया सिर्फ400 बार ही पूरी कर पाती है।

शोध में शामिल कोलिन वेसल्स के मुताबिक विद्युत ग्रिड के उपयोग से इस इलेक्ट्रोड का जीवन 30 साल का हो जाएगा। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर यी सुई के मुताबिक किसी बैट्री का हजार से भी ज्यादा बार चार्ज हो जाना और कभी फेल ना होना एक बहुत महत्वपूर्ण खोज है ।

# बगुले जैसे स्टॉर्क



**इस** बार हम आपको पानी तथा पानी के आस पास पाए जाने वाले पक्षियों में स्टॉर्क परिवार के पक्षियों से मिलवाते हैं। ये ऊपरी तौर पर बड़े अंजन से मिलते-जुलते होते हैं। इनकी टांगे लम्बी और टांगो का निचला भाग कुछ बाल रहित खुला होता है। गर्दन लम्बी और भारी और आगे को पतली पड़ती नुकीली चोंच होती हैं। उड़ते हुए ये अंजनो से बिल्कुल अलग पहचाने जा सकते हैं। इनकी गर्दन आगे को खिची रहती है, जबकि बगुलो की गर्दन अंग्रेजी अक्षर 'एस' के आकार में चपटी और मुड़ी होती है। सारसो के स्वर पेशियां नहीं होतीं, इसलिए ये आमतौर पर चुप ही रहते है। ये सिर्फ कभी किसी मौके पर गले से हल्की घुरघुराहट की सी आवाज निकालते हैं।

भारत मे इस स्टॉर्क परिवार की जो सबसे अधिक आम और आकर्षक प्रजाति पाई जाती है, वह है जंगहिल दांख कंकारी- ये लगभग गिद्ध के आकार का और सिर तक लगभग साढे तीन फुट ऊंचा होता है। इसके पर सफेद होते हैं, जिनपर ऊपर की तरफ चमकदार हरापन लिए काले रंग के निशान और पट्टियां पड़ी होती हैं और छाती पर काली पेटी-सी बनी होती है। अंगेजी मे इसे पेंटेड स्टॉर्क कहते है। इसका कारण यह है कि इसकी पूंछ के पास मुलायम हल्के गुलाबी रंग के पर (असली नहीं ऊपरी) होते है। मुंह कुछ चिकना पीला होता है और उसपर बाल नहीं होते तथा चोंच पीली तथा भारी नोंक पर कुछ मुड़ी होती है। ये झीलों और दलदलों के पास छोटे-मोटे दलों या बडे झुंडों मे पाए जाते हैं। ये और स्टॉर्क के साथ सारा दिन या तो कूबड़ निकाले चुपचाप खड़े रहते है या दलदली भूमि या उथले पानी में मछलियां और मेंढक ढूंढ़ते बड़े धैर्य के साथ घूमते रहते है।

मछलियां और मेंढक उसका खास भोजन है। खाने को ये पानी के कीड़े, केकड़े और घोंघे भी खाते हैं। जंगहिल खाना ढूंढ़ने के लिए उथले पानी में घुस जाता है, फिर गर्दन झुकाए चोंच खोले और कुछ भाग पानी में डुबाए धीरे-धीरे चलता रहता है। चोंच को या तो कुछ पाने की आशा में बिल्कुल निश्चल रखता है या एक टांग उठाए हुए इधर-उधर बाजुओं की ओट घुमाता रहता है। टांग को इस तरह घुमाकर वह पानी को चलाता है और शिकार को हांक कर खुले जबड़ों की ओर ले आता है। कभी-कभी टांग चलाने के साथ ही वह उसी ओर का पंख भी फड़फड़ाता है, इस प्रकार उसकी छाया भी पानी में पड़ती है इससे शिकार और जल्दी उधर की ओर आ जाता है। जंगहिल पानी में या उसके पास स्थित पेड़ों पर निस्संकोच होकर बैठते और बसेरा करते हैं।



# बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप : आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर एक कुनलावुत वितिदसार्न को हराकर रचा इतिहास

### फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बने

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के पुरुष एकल वर्ग में भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने शनिवार को मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर एक कुनलावुत वितिदसार्न को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ आयुष इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए हैं।

इससे पहले भारत के लिए इस प्रतियोगिता में दिनेश खन्ना ने वर्ष 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद सुरेश गोयल, प्रकाश पादुकोण, पुलेला गोपीचंद, अनुप श्रीधर और एच. एस. प्रणय ने अलग-अलग वर्षों में कांस्य पदक हासिल किया था, लेकिन कोई भी खिलाड़ी फाइनल तक नहीं पहुंच सका।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने यह मुकाबला एक घंटे पंद्रह मिनट में 10-21, 21-19 और 21-17 से जीता। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना चीन के शि यू ची या चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन में से किसी एक खिलाड़ी से होगा।

यह आयुष और वितिदसार्न के बीच दूसरी भिड़ंत थी। पिछली बार दोनों का सामना आर्कटिक ओपन में हुआ था, जिसमें थाई खिलाड़ी ने जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में भी वितिदसार्न ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद आयुष ने जबरदस्त वापसी की।

दूसरे गेम में आयुष ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और बढ़त हासिल की। हालांकि विरोधी खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आयुष ने निर्णायक अंक लेकर मुकाबले को तीसरे गेम तक पहुंचाया। अंतिम गेम में आयुष ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी और शानदार स्मैश के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

इससे पहले आयुष ने शुरुआती दौर में विश्व नंबर सात ली शी फेंग को हराया था। उसके बाद उन्होंने ची यू जेन को सीधे गेमों में पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने विश्व नंबर चार जोनाथन क्रिस्टी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएचयू दक्षिणी परिसर में राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला में साफ्टबाल' की नवीनतम नियमों पर प्रशिक्षण




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिण परिसर (आर.जी.एस.सी.), बरकछा में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में दूसरे दिन शनिवार को साफ्टबाल' खेल के आफिशिएटिंग एवं कोचिंग तकनीक की प्रशिक्षकों एवं रेफरी को जानकारी दी गई। साफ्टबाल में उन्नत नियम व्याख्या, आफिशिएटिंग एवं कोचिंग तकनीक' विषयक कार्यशाला में भारत में साफ्टबाल के बढ़ते महत्व तथा वैज्ञानिक प्रशिक्षण एवं मानकीकृत आफिशिएटिंग के महत्व को बताया गया। दक्षिणी परिसर के आचार्य प्रभारी प्रो. बी.एम.एन.कुमार के अनुसार कार्यशाला का उद्देश्य खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं रेफरी की तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षताओं का विकास करना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन स्पोर्ट्स बोर्ड, आर.जी.एस.सी., बी.एच.यू ने किया है। कार्यशाला के पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. ए. के. नेमा (महासचिव, स्पोर्ट्सबोर्ड, बी.एच.यू.) ने खेलों में अनुशासन, नियमों की समझ एवं प्रशिक्षित अधिकारियों की आवश्यकता पर बल दिया। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथियों के रूप में आईसीएमआर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के पंकज सिंह तथा सेंट जोसेफ कालेज, बेंगलुरु के खेल निदेशक जितेंद्र मेवारा ने खेलों में वैज्ञानिक प्रशिक्षण एवं पेशेवर दृष्टिकोण पर खासा जोर दिया। आचार्य प्रभारी ने बताया कि कार्यशाला में दो दिन आफिशिएटिंग मैकेनिक्स, कोचिंग तकनीक, शारीरिक फिटनेस, प्रतियोगिता प्रबंधन, स्कोरिंग प्रणाली एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विस्तृत सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस प्रकार की कार्यशालाएं खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उल्लेखनीय है कि साफ्टबाल, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में एक लोकप्रिय खेल है। आमतौर पर यह माना जाता है कि साफ्टबाल का विकास इंडोर बेसबाल नामक खेल से हुआ है, जो पहली बार खेला गया था। शिकागो में 1887 में इसका जन्म हुआ। साफ्टबाल का मूल बेसबाल के समान ही है। बल्लेबाजी और फील्डिंग की रणनीति भी समान है लेकिन साफ्टबाल बहुत छोटे मैदान पर खेला जाता है और एक मैच केवल सात पारियों का होता है।

### ला लीगा: रियल मैड्रिड ने गिरोना के साथ ड्रा खेलकर अंक गंवाए, शीर्ष पर बार्सिलोना की बढ़त और मजबूत



**मैड्रिड।** स्पेन की शीर्ष फुटबाल प्रतियोगिता ला लीगा में खिताब की दौड़ और रोमांचक हो गई है। रियल मैड्रिड को गिरोना के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर संतोष करना पड़ा, जिससे शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना को अपनी बढ़त और मजबूत करने का मौका मिल गया है। मुकाबले में पहला गोल दूसरे हाफ के छह मिनट बाद फेडेरिको वाल्वेर्दे ने किया, जिससे रियल को बढ़त मिली। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी और 62वें मिनट में थोमस लेमार ने शानदार गोल दागकर गिरोना को बराबरी दिला दी। इस परिणाम के बाद बार्सिलोना 76 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड उससे छह अंक पीछे है और एक मुकाबला अधिक खेल चुका है। अब बार्सिलोना के पास अपनी बढ़त नौ अंकों तक पहुंचाने का शानदार अवसर है। रियल मैड्रिड ने इस मुकाबले में मजबूत टीम उतारी थी, क्योंकि उसे अगले सप्ताह एक अहम मुकाबला खेलना है, जिसमें पिछली हार की भरपाई करना जरूरी होगा।

### रवींद्र जडेजा ने रचा इतिहास: टी20 क्रिकेट में 4000 रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 16वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस मुकाबले में जडेजा ने टी20 क्रिकेट में अपने 4000 रन पूरे किए और इसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट में 4000 रन और 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ हार्दिक पांड्या ही हासिल कर पाए हैं। वैश्विक स्तर पर, जडेजा यह खास उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के 25वें खिलाड़ी बन गए हैं, जो उनकी ऑलराउंड क्षमता को दर्शाता है। इस मैच में जडेजा ने गेंदबाजी में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर के स्पेल में सिर्फ 14 रन खर्च किए और रोमारियो शेफर्ड का महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किया।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से रौंदा



**चेन्नई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2026 का 18वां मुकाबला आज यानी 11 अप्रैल को खेला गया। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हरा दिया। बता दें कि लगातार दिल्ली की इस सीजन यह दूसरी हार थी। वहीं लगातार तीन मैच हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 का अपना पहला मुकाबला जीता। 213 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 189 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

**ट्रिस्टन स्टब्स और पथुम निसांका की मेहनत खराब**

दिल्ली कैपिटल्स के लिए सर्वाधिक 60 रन ट्रिस्टन स्टब्स ने बनाए। इसके अलावा पथुम निसांका ने 41 रन की शानदार पारी खेली। हालांकि इन दोनों के अलावा किसी खिलाड़ी ने बल्लेबाजी में खास योगदान नहीं दिया, जिसके चलते दिल्ली को लगातार दूसरी हार मिली।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे सफल गेंदबाज जेमी ओवर्टन रहे, जिन्होंने 4 विकेट लिए। इसके अलावा अंशुल कंबोज ने भी 3 विकेट लिए। 1-1 विकेट खलील अहमद, गुरजपनीत सिंह और नूर अहमद को मिला।


## मास्टर्स गोल्फ़ प्रतियोगिता में रारी मैकइलराय की धमाकेदार बढ़त, अक्षय भाटिया बाहर



**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** आगस्टा में जारी प्रतिष्ठित मास्टर्स गोल्फ़ प्रतियोगिता के आधे चरण के बाद मुकाबले ने रोमांचक मोड़ ले लिया है। रारी मैकइलराय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह शाट की रिकार्ड बढ़त बना ली है, जबकि अक्षय भाटिया निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कट पार करने में नाकाम रहे।

मैकइलराय ने दूसरे दौर में सात अंडर पैंसठ का बेहतरीन स्कोर बनाया और कुल बारह अंडर एक सौ बत्तीस के स्कोर के साथ शीर्ष पर मजबूत पकड़ बना ली। यह मास्टर्स के इतिहास में मध्य चरण तक की सबसे बड़ी बढ़त मानी जा रही है। अंतिम सात होल में उन्होंने छह बर्डी लगाकर बाकी खिलाड़ियों से बड़ी दूरी बना ली। उनके प्रदर्शन में अनुभव और दबाव में संयम साफ झलका। कुछ खराब टी-शाट के बावजूद उन्होंने समझदारी से खेलते हुए खुद को संभाला और छोटे शाट्स में बेहतरीन सटीकता दिखाई। अब वह ग्रीन जैकेट की ओर बढ़ते दिख रहे हैं और लगातार खिताब जीतने वाले महान खिलाड़ियों जैक निकलास, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स की सूची में शामिल होने की राह पर हैं। दूसरे स्थान पर पैट्रिक रीड और सैम बर्न्स हैं, जो मैकइलराय से छह शाट पीछे हैं। रीड ने उनहत्तर का स्कोर बनाया लेकिन आख़िरी होल में बोगी के कारण पिछड़ गए। वहीं सैम बर्न्स ने अंतिम दो होल में बर्डी लगाकर इकहत्तर का स्कोर किया। कट पार करने की होड़ में कई बड़े नाम बाहर हो गए, जिनमें अक्षय भाटिया सबसे प्रमुख रहे। पहले दौर में तिहत्तर के स्कोर के बाद उन्होंने दूसरे दौर में अच्छी शुरुआत की, लेकिन पिछले नौ होल में तीन डबल बोगी के कारण उनकी उम्मीदें टूट गईं। अंतिम होल पर डबल बोगी ने उनकी वापसी की सारी संभावनाएं खत्म कर दीं। आरोन राय ने कठिन दौर के बावजूद टूर्नामेंट में बने रहने में सफलता पाई। लगातार तीन बोगी के बाद उन्होंने लगातार सात पार खेलते हुए चौहत्तर का स्कोर बनाया और कुल एक ओवर के साथ बत्तीसवें स्थान पर रहे। जस्टिन रोज़, शेन लोवरी और टामी फ्लीटवुड पाँच अंडर के स्कोर के साथ चुनौती पेश कर रहे हैं। फ्लीटवुड ने अड़सठ के दौर में दो ईगल लगाए, जबकि रोज़ ने पुटिंग में संघर्ष के बावजूद उनहत्तर का स्कोर किया। ब्रायसन डीशैम्बो भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पहले दौर में छिहत्तर के बाद वह कट के आसपास थे।

## पाकिस्तान सुपर लीग में नया विवाद



**कराची।** पाकिस्तान. पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शुक्रवार को क्वेटा ग्लैडिएटर्स और रावलपिंडी पिंडीज के बीच खेले गए मुकाबले में एक अभूतपूर्व घटना देखने को मिली, जिसने क्रिकेट जगत में नए सिरे से बहस छेड़ दी है। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक की गेंदबाजी एक्शन पर आपत्ति जताते हुए दो बार क्रीज छोड़ी, जिससे खेल रोकना पड़ा और अंपायरों को हस्तक्षेप करना पड़ा। यह घटना टी20 वर्ल्ड कप से पहले तारिक के विवादास्पद एक्शन को लेकर चल रही चर्चा के बीच हुई है। मिचेल ने अंपायरों के सामने उस्मान तारिक की संदिग्ध गेंद पर खेलने से किया इनकार नौवें ओवर में, जब उस्मान तारिक गेंदबाजी करने आए, तो मिचेल ने पहली गेंद पर एक पैडल स्वीप खेला। हालांकि, वह तारिक के गेंद छोड़ने से पहले लंबे ठहराव से असहज महसूस हुए। तारिक अपने रन-अप के बाद गेंद फेंकने से पहले एक लंबा पॉज लेते हैं, जिसके बाद वे घुटनों के बल जाकर गेंद डालते हैं। मिचेल ने इस देरी को लेकर दो बार स्पष्ट रूप से आपत्ति जताई और क्रीज छोड़कर गेंदबाज के एक्शन में रुकावट की ओर इशारा किया। इस अनोखी स्थिति को देखते हुए, अंपायरों को मैदान पर दखल देना पड़ा। उन्होंने मिचेल से बात की और स्थिति को शांत करने की कोशिश की, जिसके बाद खेल को दोबारा शुरू करने की अनुमति मिली।

## पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट : खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज की दमदार जीत

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के 5वें दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही है।**




पुरुष वर्ग के एक मुकाबले में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92-49 के बड़े अंतर से हराया। किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम योगदान दिया और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

एक अन्य मैच में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81-60 से मात दी। खालसा एलुमनी के मुकेश ने बेहतरीन खेल दिखाया और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का सम्मान मिला।

महिला वर्ग में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। गार्गी कॉलेज ने मैत्रेयी कॉलेज को 59-29 से हराकर दमदार जीत दर्ज की। गार्गी कॉलेज की कनिका को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

एक अन्य महिला मुकाबले में स्टनर्स अकादमी ने रामजस कॉलेज को 70-29 से पराजित किया। स्टनर्स अकादमी की रिदम को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

# सब-जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप : फाइनल में मध्य प्रदेश की दोहरी दावेदारी

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजगीर, बिहार में चल रही सोलहवीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। बारह अप्रैल को होने वाले फाइनल मुकाबलों के लिए मंच तैयार है। पुरुष वर्ग के फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश का सामना उत्तर प्रदेश हॉकी से होगा, जबकि महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले में हॉकी मध्य प्रदेश की टक्कर गत विजेता हॉकी झारखंड से होगी।




### पुरुष वर्ग: अजेय टीमों की भिड़ंत

पुरुष वर्ग में दोनों टीमें अब तक अपराजित रही हैं। सेमीफाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश ने दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी को चार-दो से हराया, जबकि उत्तर प्रदेश हॉकी ने पिछले साल की विजेता हॉकी पंजाब को छह-दो से मात दी। यह मुकाबला पिछले वर्ष के तीसरे स्थान के मुकाबले की पुनरावृत्ति भी है, जिसमें उत्तर प्रदेश विजयी रहा था। उत्तर प्रदेश हॉकी के शाहरुख अली इस प्रतियोगिता में चौदह गोल के साथ शीर्ष स्कोरर हैं, जबकि नीतीश यादव ने सात गोल दागे हैं, जिनमें सभी गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए हैं। वहीं दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के धीरज पाल भी पांच गोल के साथ प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं। महिला वर्ग: खिताब के लिए कांटे की टक्कर महिला वर्ग के फाइनल में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। गत विजेता हॉकी झारखंड ने सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश हॉकी को दो-शून्य से हराया, जबकि हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी ओडिशा को दो-एक से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश की नुशीन नाज़ नौ गोल के साथ शीर्ष स्कोरर हैं, जबकि हॉकी झारखंड की संदीपा कुमारी पांच गोल के साथ उनके पीछे हैं।

### कांस्य पदक के लिए भी रोचक मुकाबले

महिला वर्ग में तीसरे स्थान के लिए हॉकी ओडिशा का मुकाबला उत्तर प्रदेश हॉकी से होगा। वहीं पुरुष वर्ग में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी का सामना हॉकी पंजाब से कांस्य पदक के लिए होगा। फाइनल मुकाबलों के साथ इस प्रतियोगिता का समापन रोमांचक अंदाज में होने की उम्मीद है, जहां देश की युवा प्रतिभाएं अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं।

## आलोचकों पर बरसे सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग, बताया रणनीति में बदलाव का कारण



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल में टीम के हालिया प्रदर्शन को लेकर उठ रही आलोचनाओं का करारा जवाब दिया है। उन पर आरोप लग रहे थे कि वे मौजूदा टी20 क्रिकेट की बदलती जरूरतों के हिसाब से खुद को ढाल नहीं पा रहे हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि वह पूरी तरह से खेल के नए आयामों से जुड़े हुए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच से पहले फ्लेमिंग ने अपनी बात रखते हुए स्वीकार किया कि खराब नतीजों के बाद आलोचना होना स्वाभाविक है, क्योंकि खेल में परिणाम ही लोगों की सोच तय करते हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वह आईपीएल से पहले खेल की दिशा से अनभिज्ञ नहीं हैं, बल्कि वह पूरे साल दुनिया भर के अलग-अलग टी20 टूर्नामेंट्स में कोचिंग देते हैं और खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रियाओं में भी शामिल रहते हैं। इससे उन्हें इस फॉर्मेट में हो रहे बदलावों और वैश्विक खिलाड़ियों की गहरी समझ है, जो आईपीएल में भी उनके काम आती है। फ्लेमिंग ने पिछले सीजन के प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए कहा, पिछले साल हम लय में नहीं थे, ये मैं खुद मानता हूं। लेकिन हमने जल्दी बदलाव किए हैं और अब टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं। मुझे इस ग्रुप पर पूरा भरोसा है। हालांकि, इस सीजन में हम इसे अभी तक मैदान पर पूरी तरह दिखा नहीं पाए हैं।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे

# शापूरजी पलोनजी की टाटा संस को लिस्ट करने की मांग तेज

**कहा- नियमों के पालन के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए जरूरी कदम**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने एक बार फिर टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की मांग उठाई है। उन्होंने इसे जनहित और बेहतर कारपोरेट गवर्नेंस के लिए अहम बताया। शापूरजी पलोनजी (एसपी) समूह के चेयरमैन शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने कहा कि टाटा संस की लिस्टिंग अब समय की मांग है। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक से निर्णायक कदम उठाने की उम्मीद जताई। मिस्त्री ने अपने बयान में कहा कि अब तक ऐसा कोई ठोस और प्रमाण आधारित तर्क सामने नहीं आया है, जिससे यह साबित हो सके कि टाटा संस के सूचीबद्ध होने से टाटा ट्रस्ट्स के हितों को नुकसान होगा या उसके लाभार्थियों को सेवा देने की क्षमता प्रभावित होगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब टाटा ट्रस्ट्स के भीतर भी इस मुद्दे पर मतभेद की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह लिस्टिंग के पक्ष में हैं, जबकि चेयरमैन नोएल टाटा इसके विरोध में बताए जा रहे हैं। मिस्त्री ने जोर देते हुए कहा कि टाटा संस का सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होना केवल नियामकीय जरूरत नहीं, बल्कि एक जरूरी प्रगति है। इससे कंपनी के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी, जवाबदेही मजबूत होगी और कारपोरेट गवर्नेंस को नया आयाम मिलेगा।

## सेबी ने व्यापार में सुगमता और साइबर सुरक्षा के लिए लान्च किए तीन नए आईटी प्लेटफार्म

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ईज आफ डूइंग बिजनेस (व्यापार में सुगमता) को बढ़ावा देने और साइबर सुरक्षा की निगरानी को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सेबी अध्यक्ष ने 24 मार्च को तीन नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्लेटफार्म लान्च किए हैं, जिनकी आधिकारिक जानकारी शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। ये प्लेटफार्म नियामक संस्थाओं के साथ संचार को सुव्यवस्थित करने और न्यायिक कार्यवाही को पूरी तरह से डिजिटल बनाने का काम करेंगे। क्या हैं ये तीन नए प्लेटफार्म और इनका असर इस नई पहल के तहत ई-एडज्यूडिकेशन पोर्टल और साइबर-सेक आडिट कंप्लायंस को लान्च किया गया है। इन तकनीकी सुधारों से सेबी-विनियमित संस्थाओं की कार्यप्रणाली में बड़ी पारदर्शिता आएगी। सिंगल यूनिवर्सल प्लेटफार्म फार कम्युनिकेशंस सेबी के साथ होने वाली पारंपरिक ईमेल-आधारित बातचीत की जगह लेगा। सेबी ने स्पष्ट किया है कि यह बदलाव सुनिश्चित करता है कि आगे चलकर बाहरी संस्थाओं के साथ सभी संचार सेबी और संस्था दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान में ईंधन की कीमतों में बड़ी कटौती, 135 रुपए तक घटे दाम



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी कटौती की घोषणा की है। नई दरें 11 अप्रैल से लागू हो गई हैं। पेट्रोल, डीजल, केरोसिन और लाइट डीजल आयल सभी के दामों में उल्लेखनीय कमी की गई है, जिससे परिवहन और कृषि क्षेत्र पर खर्च का बोझ कम होने की उम्मीद है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पेट्रोल की कीमत में 11.83 रुपये प्रति लीटर की कमी की गई है, जिसके बाद नई कीमत 366.58 रुपये प्रति लीटर तय हुई है। वहीं डीजल के दाम में 134.81 रुपये प्रति लीटर की भारी कटौती की गई है और अब यह 385.54 रुपये प्रति लीटर में उपलब्ध होगा। इसके अलावा केरोसिन तेल की कीमत में 17.33 रुपये की कमी की गई है, जिससे इसकी नई दर 450.15 रुपये प्रति लीटर हो गई है। लाइट डीजल आयल भी 25.31 रुपये सस्ता होकर 369.72 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का पूरा लाभ जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार ने राहत का कोई हिस्सा राजस्व या अन्य खर्चों में उपयोग करने के बजाय सीधे जनता को देने का निर्णय लिया है। सरकार का कहना है कि किसानों को राहत देना प्राथमिकता है ताकि उत्पादन लागत घटे और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिले। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट और मोटरसाइकिल उपयोगकर्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने की भी बात कही गई है।

### वेदांत का ओडिशा में बड़ा दांव, एल्युमीनियम पार्क में दो कंपनियों से करार




**नई दिल्ली।** वेदांत लिमिटेड ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में अपने प्रस्तावित एल्युमीनियम पार्क के लिए दो कंपनियों के साथ समझौते कर डाउनस्ट्रीम औद्योगिक गतिविधियों की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। देश की अग्रणी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत लिमिटेड ने सिंगल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और स्कट एल मेटाकोन प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये करार झारसुगुड़ा स्थित कंपनी के आगामी एल्युमीनियम पार्क में एल्युमीनियम-आधारित विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए किए गए हैं। यह समझौता पार्क में डाउनस्ट्रीम औद्योगिक गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत का संकेत देता है। दिसंबर 2022 में आधारशिला रखे जाने के बाद यह पहला मौका है जब इस परियोजना के तहत कंपनियों के साथ साझेदारी की गई है। करीब 253 एकड़ में प्रस्तावित वेदांत एल्युमीनियम पार्क के पहले चरण में 56 एकड़ क्षेत्र विकसित किया जा चुका है, जहां डाउनस्ट्रीम उद्योग स्थापित किए जाएंगे। इस पार्क को पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार, यह परियोजना री-मेल्टिंग की आवश्यकता को कम करेगी और लाजिस्टिक्स लागत घटाएगी, जिससे हर साल लगभग 60,000 से 70,000 टन तक कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है।

# आरबीआई का प्रस्ताव : 1 लाख करोड़ से अधिक परिसंपत्ति वाली एनबीएफसी होंगी अपर लेयर में

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के वर्गीकरण ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव का प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव के अनुसार अब एनबीएफसी को उनकी परिसंपत्ति (एसेट साइज) के आधार पर अपर लेयर में रखा जाएगा, जिससे मौजूदा जटिल मूल्यांकन प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके। इस मसौदे पर हितधारकों से 4 मई तक सुझाव मांगे गए हैं। रतीय रिज़र्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए मौजूदा स्केल बेस्ड रेगुलेटरी (एसबीआर) ढांचे में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव जारी किया है। इस प्रस्ताव के तहत सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब अपर लेयर एनबीएफसी की पहचान के लिए जटिल स्कोरिंग माडल की जगह केवल परिसंपत्ति आधारित मानदंड अपनाया जाएगा। आरबीआई के अनुसार जिन एनबीएफसी की परिसंपत्ति 1 लाख करोड़ रुपए या उससे अधिक होगी, उन्हें उनकी नवीनतम आडिटेड बैलेंस शीट के आधार पर सीधे अपर लेयर श्रेणी में रखा जाएगा। इसके अलावा यदि सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीएफसी इस परिसंपत्ति सीमा को पार करती हैं, तो उन्हें भी इस श्रेणी में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में ऐसी कई संस्थाएं बुनियादी या मध्य स्तर में वर्गीकृत रहती हैं। अभी तक अपर लेयर एनबीएफसी की पहचान एक द्विआयामी पद्धति के आधार पर होती है, जिसमें मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंड शामिल हैं। इस प्रणाली में लगभग 70 प्रतिशत भार मात्रात्मक और 30 प्रतिशत गुणात्मक संकेतकों को दिया जाता है। हालांकि आरबीआई का मानना है कि यह ढांचा जटिल है और इसे सरल बनाना आवश्यक है ताकि नियमन अधिक पारदर्शी और प्रभावी हो सके। फिलहाल लगभग 15 एनबीएफसी को अपर लेयर में रखा गया है। इनमें बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, एलएंडटी फाइनेंस, टाटा कैपिटल, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी, महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज, आदित्य बिड़ला फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस और टाटा संस जैसे बड़े नाम शामिल हैं। आरबीआई ने जनवरी 2025 में जारी सूची में स्पष्ट किया था कि टाटा संस को अपर लेयर में शामिल करना उसके पंजीकरण रद्द करने के आवेदन की प्रक्रिया पर कोई असर नहीं डालेगा, जो अभी समीक्षा में है। इस नए प्रस्ताव के लागू होने पर सरकारी क्षेत्र की एनबीएफसी को भी अपर लेयर में शामिल किए जाने से इस श्रेणी की संस्थाओं की संख्या बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव वित्तीय प्रणाली में निगरानी को अधिक मजबूत बनाएगा और बड़े संस्थानों पर नियामकीय नियंत्रण और प्रभावी होगा। इक्रा के अनुसार, इससे एनबीएफसी क्षेत्र में वर्गीकरण अधिक स्पष्ट और सरल हो सकेगा।





### अंबातूर इंडस्ट्रियल एस्टेट पर एलपीजी संकट की मार, उत्पादन पर खतरा



**नई दिल्ली।** चेन्नई का प्रमुख औद्योगिक केंद्र अंबात्तूर इंडस्ट्रियल एस्टेट इन दिनों गंभीर एलपीजी संकट से जूझ रहा है। गैस की कमी और बढ़ती कीमतों ने खासकर हीट ट्रीटमेंट उद्योगों की कमर तोड़ दी है, जिससे उत्पादन और आपूर्ति दोनों प्रभावित हो रहे हैं। करीब 1,800 इकाइयों वाला यह क्षेत्र, जो चेन्नई की आटोमोबाइल पहचान को मजबूत करता है, अब एलपीजी की कमी से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका सबसे अधिक असर हीट ट्रीटमेंट उद्योगों पर पड़ा है। इन इकाइयों के लिए एलपीजी कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य ईंधन है। एक स्थानीय उद्योगपति के अनुसार, उनकी इकाई पहले हर महीने लगभग 150 सिलिंडर इस्तेमाल करती थी, जो अब घटकर 100 रह गई है। पहले जहां 10 दिनों का स्टाक रहता था, अब वह पूरी तरह खत्म हो चुका है। गैस की कमी के चलते उत्पादन बनाए रखना भी चुनौती बन गया है। स्थिति को और गंभीर बनाती है बढ़ती लागत। 19 किलोग्राम का एलपीजी सिलिंडर, जो पहले करीब 1,500 रुपये में मिलता था, अब 3,000 रुपये तक पहुंच गया है। इससे उत्पादन लागत दोगुनी हो गई है और मुनाफा घट गया है।

# भारत बनाएगा 10 करोड़ डालर का समुद्री बीमा कोष



नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।

**पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते समुद्री व्यापार पर संकट गहराता जा रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए भारतीय बीमा और पुनर्बीमा कंपनियां एक विशेष समुद्री बीमा कोष बनाने की योजना पर काम कर रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय सामान्य बीमा और पुनर्बीमा कंपनियां करीब 10 करोड़ डालर का समुद्री बीमा कोष तैयार करने पर विचार कर रही हैं।**

इस कोष का प्रबंधन जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशनप आफ इंडिया (जीआईसी) द्वारा किया जाएगा, जिसमें समुद्री बीमा से जुड़ी अन्य कंपनियां भी भाग लेंगी। सूत्रों के अनुसार इस कोष को मजबूत बनाने के लिए सरकार संप्रभु गारंटी देने पर भी विचार कर सकती है। बीमा

**युद्ध जोखिम बढ़ने से महंगा हुआ बीमा, निर्यातकों को राहत देने की तैयारी**

कंपनियां फरवरी 2026 तक समुद्री बीमा प्रीमियम का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा इसमें योगदान करने पर चर्चा कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य समुद्री बीमा युद्ध संबंधी जोखिमों को कवर नहीं करता, जिसके लिए अलग से वार-रिस्क कवर लेना पड़ता है। मौजूदा हालात में यह कवर महंगा और सीमित हो गया है। पहले जहां इसका प्रीमियम 0.25 प्रतिशत था, वहीं अब यह बढ़कर 0.5 से 1 प्रतिशत तक पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में अस्थिरता के चलते कई बीमा कंपनियों ने जहाजों के लिए कवर रद्द करने तक के नोटिस जारी किए हैं। वहीं शिपिंग कंपनियां वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रही हैं या सेवाएं रोक रही हैं। प्रस्तावित बीमा कोष जोखिम को साझा कर बड़े नुकसान की भरपाई में मदद करेगा और भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## मार्च 2026 में महिंद्रा ने दर्ज की 25प्रतिशत की मजबूत वृद्धि



**नई दिल्ली।** मार्च 2026 बिक्री के लिहाज से महिंद्रा एंड महिंद्रा के लिए यह शानदार महीना रहा। कंपनी ने मार्च महीने में कुल 60,272 गाड़ियां बेचकर सालाना आधार पर 25प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। महिंद्रा स्कार्पियो माडल एक बार फिर कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी बनकर उभरी, जिसने थार और बोलेरो जैसे लोकप्रिय माडलों को भी पीछे छोड़ दिया। स्कार्पियो की 14,578 यूनिट्स बिकीं, जो मार्च 2025 के मुकाबले 5प्रतिशत ज्यादा है। थार ने 10,872 यूनिट्स की बिक्री के साथ 22प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की, जबकि बोलेरो ने भी 9,788 यूनिट्स बेचकर 22प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। कंपनी की नई एक्सयूवी 7एक्स0 ने 9,210 यूनिट्स और एक्सयूवी 3एक्स0 ने 9,199 यूनिट्स की बिक्री के साथ अच्छा प्रदर्शन किया।

# कैफे-3 मानदंडों में बड़ा बदलाव : हाइब्रिड कारों के लिए सुपर क्रेडिट में कटौती की तैयारी

**बीईई घटाएगा सुपर क्रेडिट, इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा ज्यादा फायदा**

नई दिल्ली

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) कैफे-3 मानदंडों के तहत हाइब्रिड और फ्लेक्स फ्यूल वाहनों को मिलने वाले लाभ में कटौती की तैयारी कर रहा है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बीईई आगामी कारपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे-3) मानदंडों में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। प्रस्तावित बदलाव के तहत स्ट्रान्ग हाइब्रिड और फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के लिए वाल्यूम डेरोगेशन फैक्टर (वीडीएफ) में भारी कटौती की योजना है, जिसे उद्योग में सुपर क्रेडिट के रूप में जाना जाता है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को तेजी से बढ़ावा देना चाहता है। नए कैफे-3 मानदंड अप्रैल 2027 से लागू हो सकते हैं और पांच वर्षों तक प्रभावी रहेंगे। कैफे नियमों के तहत वाहन निर्माताओं को अपने कुल बेड़े के



औसत कार्बन उत्सर्जन को तय सीमा के भीतर रखना होता है। इसमें ज्यादा बिकने वाले माडलों का प्रभाव अधिक होता है। मौजूदा कैफे-2 नियमों में स्ट्रान्ग हाइब्रिड वाहनों के लिए वीडीएफ 2.0 है, जिसे नए मसौदे में घटाकर 1.6 कर दिया गया है। वहीं फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के लिए यह 1.5 से घटाकर 1.1 प्रस्तावित किया गया है। इसके विपरीत, इलेक्ट्रिक वाहनों को 3.0 का गुणक मिलता रहेगा, जिससे उन्हें स्पष्ट बढ़त मिलेगी। इस बदलाव से हाइब्रिड वाहनों का लाभ कम हो जाएगा और कंपनियों को अपने पोर्टफोलियो में ईवी का हिस्सा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीतिगत बदलाव भारत के आटो सेक्टर को स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से मोड़ सकता है और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य को हासिल करने में मददगार साबित होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### अध्यक्ष पर...

हद तो तब हो गयी, जब इन असंवैधानिक क्रियाकलापों को समाज के बीच रखने और आगे मार्गदर्शन लेने के लिए 12 अप्रैल को वार्षिक साधारण सभा का आह्वान किया गया तो समाज की शरण में जाने के बजाये अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने कोर्ट का रास्ता चुना। हालांकि अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इन्हें न तो कोई अंतरिम राहत दी और न ही स्थगनादेश देकर हस्तक्षेप किया।

गौरतलब है कि 29 जून, 2025 को दो वर्षों के लिए समाज द्वारा अनिरुद्ध गुप्ता और उनकी पूरी टीम को चुना गया था। इस टीम ने 4 जुलाई 2025 को समाज के संविधान की शपथ लेकर कार्यभार संभाला था। अध्यक्ष ने अपने कुछ महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर अपनी टीम से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान सदस्य संख्या 6500 को करीब दो लाख तक पहुँचाना चाहते हैं। जब उन्होंने इसके लिए गैर धर्म (मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि) को भी शामिल करने का विचार रखा तो सबने इसका विरोध किया। वे नाममात्र की राशि लेकर सदस्य संख्या बढाने के पक्ष में थे, जिसे साथी पदाधिकारियों ने यह कहकर ठुकरा दिया कि वोट बैंक के लिए सदस्य बढाने का कोई औचित्य नहीं। इस संबंध में साथियों ने कुछ रचनात्मक सुझाव दिये, जिसे अध्यक्ष ने नहीं माना। खैर, एएसटी सुपर सिंगर जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन के समय भी टीम के सदस्यों को पूरी तरह नजरअंदाज कर कुछ लोगों को संयोजक बनाने की बिना किसी औपचारिक विमर्श किये घोषणा कर दी गई, बावजूद इसके साथियों ने अध्यक्ष की बात रखने के लिए संयोजकों के हाथ के नीचे रहकर कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाया, साथ ही अच्छी-खासी आय भी अर्जित की गई। ऐसे में साथी पदाधिकारियों पर असहयोग का आरोप लगाना अध्यक्ष पद की गरिमा के सरासर विरुद्ध है। रही बात कार्यकारिणी की अंतिम बैठक की, जिसे अध्यक्ष महोदय ने समाज कार्यालय के बजाये अत्तापुर स्थित अपने कार्यालय में बुलाई और वहाँ कैमेरा, आडियो / विडियो रिकार्डिंग जैसी आम व्यवस्था भी नहीं थी। बैठक में श्री नरेंद्र गोयल, विनय सी. जैन और प्रतीक नरसरिया जैसे सदस्यों को आमंत्रित कर अपने ही साथियों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकाने का प्रयास किया गया। 24 जनवरी की यह बैठक बेनतीजा रही। तत्पश्चात 8 फरवरी को विभिन्न समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग करने की खबर सोशल मीडिया पर जंगल में आग की तरह फैलाई गई। सभी सलाहकारों की छुट्टी कर दी और पदेन सदस्यों को भी उनके पदों से हटा दिया गया। समाज के इतिहास में यह एक अप्रत्याशित घटना थी। 26 फरवरी को होटल सिटाडेल में हुए सोनू शर्मा (मोटीवेशनल स्पीकर) के कार्यक्रम को पूरी टीम ने सफल बनाया, किन्तु इसको लेकर भी अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों की पीठ थपथपाना जरूरी नहीं समझा। आर. एन गुप्ता और मुकुंद लाल अग्रवाल को जाँच कमेटी का चैयरमेन व प्रशाननिक समिति का अध्यक्ष बनाकर मंत्री विकास केशान, उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल व कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता के खिलाफ उन्हें बर्खास्त करने की साजिश रची गई। इन तीनों के कार्यालय में रखे रिकार्ड और अलमारियों को जब्त कर लिया गया। उपरोक्त सभी तथ्य मंत्री विकास केशान, उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता द्वारा सुनाई गई आप बीती पर आधारित है।

### मोदी-राहुल...

कई यूजर्स ने इस पल को सकारात्मक संकेत बताते हुए सराहा। एक यूजर ने लिखा कि प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता को इस तरह बातचीत करते देखना अच्छा लगा। संसद परिसर में हुआ यह छोटा सा संवाद भले ही औपचारिक न रहा हो, लेकिन इसने भारतीय राजनीति में संवाद और सौहार्द की अहमियत को एक बार फिर उजागर कर दिया।

### हाथ मिले...

उसके फ्रीज किए गए फंड को जारी करना शामिल है। तस्नीम एजेंसी के अनुसार, अमेरिका ने ईरान की फ्रीज की हुई संपत्ति जारी करने पर सहमति जताई है, हालांकि व्हाइट हाउस ने इससे इनकार किया है।

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरे अमेरिका के 2 युद्धपोत**

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया है कि उसके दो युद्धपोत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित रूप से गुजर चुके हैं। इनमें यूएसएस फ्रैंक ई. पीटरसन और यूएसएस माइकल मर्फी शामिल हैं। सेंटकॉम के मुताबिक यह एक बड़े मिशन का हिस्सा है, जिसका मकसद इस समुद्री रास्ते से बारूदी सुरंगों को पूरी तरह हटाना है। अमेरिकी सेना का दावा है कि ये सुरंगें ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बिछाई हैं। अमेरिका का कहना है कि वह इस इलाके में समुद्री सुरक्षा मजबूत करने और जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रहा है।

**पोप ने दिया शांति का संदेश**

पोप लियो ने वेटिकन के सेंट पीटर बेसिलिका में शाम की प्रार्थना के दौरान युद्ध और शक्ति प्रदर्शन पर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अब बहुत लड़ाई हो चुकी। पोप ने चेतावनी दी कि 'सर्वशक्तिमान होने का भ्रम' दुनिया में संघर्ष को बढ़ावा दे रहा है। हालांकि उन्होंने अमेरिका या राष्ट्रपति ट्रंप का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन उनका संदेश अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाइयों की ओर संकेत करता हुआ माना जा रहा है। उन्होंने अपने पूरे संदेश में शांति और मानवता की रक्षा की अपील की।

**बातचीत से पहले दोनों तरफ से हुई बयानबाजी**

बातचीत शुरू होने से पहले ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा कि अगर अमेरिका अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत ईमानदारी से बातचीत करता है तो समझौता संभव है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शांति नहीं हुई तो दुनिया को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। गालिबफ ने अमेरिका पर भरोसे की कमी जताते हुए कहा, पिछले एक साल में 2 बार बातचीत के दौरान ही हम पर हमला किया गया। हमारे पास सद्भावना है, लेकिन भरोसा नहीं। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईमानदार समझौते के लिए तैयार है तो ईरान भी तैयार है।

**इस्लामाबाद में हैं सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम**

वार्ता को देखते हुए इस्लामाबाद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे शहर में 10,000 से ज्यादा पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। रेड जोन इलाके को सेना और रेंजर्स ने घेर रखा है और केवल अधिकृत लोगों को ही प्रवेश की अनुमति है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के शीर्ष नेता आमने-सामने बैठे हैं। इससे पहले 2013 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी के बीच फोन पर बातचीत हुई थी।

**बातचीत को लेकर क्या है एक्सपर्ट्स की राय**

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच इस ऐतिहासिक वार्ता का परिणाम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर वैश्विक ऊर्जा बाजार, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और दुनिया की कूटनीतिक स्थिति पर भी गहरा पड़ेगा। अगर बातचीत सफल होती है तो क्षेत्र में लंबे समय से जारी तनाव कम हो सकता है और शांति की नई संभावनाएं बन सकती हैं। लेकिन अगर यह वार्ता असफल रहती है तो हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं तथा तनाव बढ़ने की आशंका है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 12 अप्रैल, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना की असाधारण आम सभा आयोजित

## सी.ए. हरि गोविंद प्रसाद अग्रवाल उपाध्यक्ष और सीमा जैन बनी मंत्री



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की असाधारण आम सभा आज होटल रॉयल्टन में आयोजित की गई। यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में समाज के मीडिया व प्रेस के चैयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता ने की। सभा में अध्यक्ष ने उपस्थित अग्रबन्धुओं का स्वागत करते हुए अपने छोटे से कार्यकाल में समाज में जितनी भी बातें हुई,उसका ब्यौरा दिया। सभा के एजेंडा में वर्तमान में गठित 65 कमिटियों के चेयरमैनों व 8 सदस्यों को केंद्रीय समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। 5 जिला सनन्वयकर्ताओं एवं एक प्रमुख जिला समन्वय कर्ता की स्वीकृति सभा से पारित करवायी गयी । सभा में 20 युवा शाखाओं के लिए जो इंक्वायरी कमेटी बनाई गई थी, जिसके चैयरमेन श्री आर.एन गुप्ता थे, ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट को अध्यक्ष द्वारा पटल पर रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । अध्यक्ष ने सभा को विश्वास दिलाया कि सभी युवा शाखाओं को

जल्दी ही संविधान अनुसार नियमित कर लिया जाएगा। आर्बिट्रेशन एवं डिसीप्लिनरी कमिटी की रिपोर्ट चेयरमैन श्री सुरेश सिंघल जी ने प्रस्तुत की, उनकी रिपोर्ट के अनुसार अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता द्वारा अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष श्री रुपेश कुमार अग्रवाल, मंत्री श्री विकास केशान एवं कोषाध्यक्ष श्री अचल गुप्ता को अपने पद से मुक्त किया गया, उनके स्थान पर सी. ए. हरि गोविंद प्रसाद अग्रवाल को उपाध्यक्ष, पूर्व सहमंत्री श्रीमती सीमा जैन को मंत्री, उनके स्थान पर सहमंत्री के रूप में श्री प्रतीक नरसरिया एवं कोषाध्यक्ष के रूप में सी. ए.राजगोपाल अग्रवाल को नियुक्त किया गया । इस मीटिंग के तुरंत बाद चारों नव नियुक्त पदाधिकारी अपना कार्यभार संभालेंगे। अध्यक्ष के रूप में श्री अनिरुद्ध गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्री नरेंद्र कुमार गोयल अपना कार्यभार यथास्थिति संभालते रहेंगे। अंत में इन सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा हर्षवर्धन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई । अंत में नवनिर्वाचित मानद मंत्री श्रीमती सीमा जैन द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया तथा भोजन के लिए सभी अग्र बंधुओं को आमंत्रित किया गया। सभा में परामर्शदाता श्री बद्री विशाल बंसल, श्री हरीश गुप्ता, श्री अंजनी कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्री आर. एन. गुप्ता, सुरेश कुमार सिंघल, श्री नरेश चौधरी, श्री सुभाष कुमार अग्रवाल एवं विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारीगण, केंद्रीय समिति के सदस्यगण, 65 कमिटियों के चेयरमैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे ।







सनतनगर में महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती गई। इस अवसर पर भाजपा नेता दयानंद, नेता सपना गुप्ता, कंदूरी चंद्रशेखर, नरेश, नरसिंह, सीनू, मुख्य अतिथि श्याम सुंदर गौड़ व अन्य उपस्थित थे।

# देशभर में बढ़ रहा पारा, गर्म शहरों की सूची में हैदराबाद शामिल

**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को पूरे राज्य में तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। तेलंगाना के कई जिलों में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। हालांकि हैदराबाद में तापमान अन्य जिलों की तुलना में थोड़ा कम रहा, लेकिन यहां भी गर्मी में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग हैदराबाद के आंकड़ों के अनुसार, जगतिआल जिले का एंडापल्ली 41.7 के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। इसके बाद खम्मम, मुलुगु, नलगोंडा और निर्मल जिलों में भी भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। दिन भर राज्य के कई हिस्सों में पारा 40 डिग्री से ऊपर बना रहा।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि अगले एक सप्ताह तक पूरे तेलंगाना में मौसम शुष्क बना रहेगा। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने की संभावना है।



हालांकि, इस अवधि के लिए अभी तक कोई आधिकारिक मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान 39.5 दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 अधिक है, जो बढ़ती गर्मी के शुरुआती संकेत हैं।

हैदराबाद शहर में तापमान अन्य जिलों के मुकाबले थोड़ा कम रहा, जहां आसिफनगर में 38.8डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शहर के अधिकांश इलाकों में तापमान 37.6 से 38.7 के बीच रहा। अगले दो दिनों में शहर का तापमान 39 से 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। सुबह के समय हल्की धुंध और आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

'डाउन टू अर्थ' के डेली हीट ट्रैकर के अनुसार, देश के सात प्रमुख शहरों में हैदराबाद का दिन का तापमान (37.8) सबसे अधिक दर्ज किया गया।

तेलंगाना विकास योजना सोसायटी के आंकड़ों से पता चलता है कि शहर की तुलना में उत्तरी और पूर्वी जिलों में तापमान अधिक तेजी से बढ़ रहा है।

शुष्क मौसम की स्थिति और तत्काल राहत की कोई उम्मीद न होने के कारण, आने वाले दिनों में विशेष रूप से उन जिलों में गर्मी और तेज होने की संभावना है जो पहले से ही 40 डिग्री की सीमा को पार कर चुके हैं।

# बुज़ुर्ग महिला को धमकाकर उसके सोने और चांदी के गहने लूट लिए

**बरगमपहाड़, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को बरगमपहाड़ मंडल में जिंकालगुडेम के पास एक घटना हुई, जब एक बुज़ुर्ग महिला को धमकाकर उसके सोने और चांदी के गहने लूट लिए गए। पलवंचा उख सतीश के मुताबिक, एपी के कुक्कुनूर मंडल के वेलेरू की एक बुज़ुर्ग महिला को एपी के ए कोंडूर मंडल के ए कोंडूर थांडा से मुरलीनायक नाम के एक आदमी ने अपने दोस्त कोप्पुला वेंकटेश्वरलू के साथ बाइक पर किडनैप कर लिया। वे उसे मुफ़्त चावल और गेहूं का आटा देने के बहाने बरगमपहाड़ ले गए। जिंकालगुडेम पार करने के बाद, उन्होंने उसे एक सुनसान जगह पर धमकाया और उसके सोने के गहने, चांदी के गहने, 3,000 रुपये कैश और एक सेलफ़ोन चुराकर भाग गए।

# समाज के लिए प्रेरणादायक है अन्नदान : पन्नालाल अग्रवाल



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के समीप नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम का वातावरण सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत रहा।

अन्नदान कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे अनुशासन और समर्पण के साथ व्यवस्था संभाली। जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक भोजन कराते हुए उनके चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। यह दृश्य उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।

इस अवसर पर पन्नालाल अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्नदान सबसे श्रेष्ठ दान माना गया है, जो न केवल भूख मिटाता है बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का मार्ग भी प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि राधे-राधे ग्रुप द्वारा निरंतर किया जा रहा यह सेवा कार्य समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जिससे अधिक से अधिक लोग जुड़कर सेवा के इस पावन कार्य में भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सेवा केवल दान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भावना है, जो हमें दूसरों के दुख-दर्द को समझने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित करती है। राधे-राधे ग्रुप इसी भावना के साथ लगातार समाज के कमजोर वर्गों की सहायता में जुटा हुआ है।

कार्यक्रम में जगत नारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, वंश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल , गोविंद राम पचेरिया, अरुण विजयवर्गी, पन्ना लाल अग्रवाल , लता गोयल, नीलम विजयवर्गी, रेनू शर्मा, शर्मिला अग्रवाल, मीना अग्रवाल और पूजा संघी सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस सेवा कार्य को सफल बनाया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# ईसीआईएल में 59वां स्थापना दिवस समारोह-2026 हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने 11 अप्रैल 2026 को अपना 59वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (वित्त), प्रोतीक कुमार चक्रवर्ती ने ईसीआईएल के संस्थापक डॉ. ए. एस. राव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कार्यवाहक सीएंडएमडी एवं निदेशक (वित्त) ने सभी कर्मचारियों, टीओसी और बाहरी जनशक्ति को बधाई दी, जिन्होंने ईसीआईएल की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

उन्होंने सभी को 59वें निगम दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान परिसर का वातावरण काफी ऊर्जावान रहा और संस्थापक के विजन को याद किया गया।

अपने संबोधन में श्री चक्रवर्ती ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी कर्मचारी विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। समारोह के दौरान ईसीओए के सचिव और ईसीएमएस के महासचिव ने भी भाषण दिया और निगम के भविष्य के लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उत्सव की मिठास बढ़ाते हुए सभी कर्मचारियों और ईसीआईएल के सहयोगी कर्मचारियों के बीच मिठाइयां बांटी गईं।

इस भव्य समारोह में कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, ईसीओए और ईसीएमएस के पदाधिकारी तथा ईसीआईएल के बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संस्थान की निरंतर उन्नति के लिए काम करने का संकल्प लिया।



गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर आगामी 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में भाग लेने हेतु विशाखापटनम श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज के हिम्मत पटेल, गंगाराम पटेल, पुरशोत्म पटेल, आई.के. पटेल आदि समाजबंधुओं से निवेदन किया गया है। लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धि श जागीरदार और तरुण मेहता ने समाजबंधुओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# नरसिंह और वामन अवतार की झांकियों ने मोहा मन

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का तीसरा दिन भक्तिरस से सराबोर



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्थानीय बाहेती भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का तीसरा दिन गहन आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस से सराबोर रहा। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी, जहां हर हृदय भगवान की भक्ति में डूबा नजर आया। कथा वाचिका बालस्वरूपा बाल विदुषी सुश्री हरिप्रिया वैष्णवी ने अपनी ओजस्वी और मधुर वाणी से दिव्य प्रसंगों का ऐसा चित्रण किया कि वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**विदुरानी के साग का प्रसंग और भक्ति का संदेश**

इस अवसर पर भक्त विदुर और भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य प्रेम का अत्यंत मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि किस प्रकार भगवान ने राजसी वैभव को त्यागकर सच्चे प्रेम के वशीभूत होकर विदुरानी के सादे साग को सहर्ष स्वीकार किया। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ईश्वर को बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि निष्कपट भक्ति और शुद्ध हृदय का भाव प्रिय है। पत्रं पुष्पं फलं तोयं के पावन श्लोक के माध्यम से भक्ति की सरलता और महानता को सुंदर ढंग से समझाया गया। आज नरसिंह अवतार, वामन अवतार की मनमोहक झांकियां ने सभी के मन को मोह लिया।

कथा के दौरान भगवान कपिल मुनि द्वारा माता देवहूति को दिए गए सांख्य योग के उपदेशों का भी विस्तार से वर्णन हुआ। इस दिव्य ज्ञान ने श्रोताओं को आत्मचिंतन, वैराग्य और आत्म-साक्षात्कार की ओर प्रेरित किया। बताया गया कि मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य इंद्रिय सुखों से ऊपर उठकर आत्मा की शुद्धि और परमात्मा की प्राप्ति होना चाहिए।व्यास पीठ की पूजा का आज का लाभ श्री संजय राठी, रेणुका राठी ने लिया।

भजनों की गूंज और श्रद्धालुओं की उपस्थिति

भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया, जहां श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम में शहर के महेश तिवारी, अशोक हीरावत, सुरेश राठी, भगवान दास काकाणी, द्वारकादास काबरा, रमेश मोदानी, मनीष सोमानी, निखिल सोमानी, महेश उपाध्याय, बालप्रकाश लड्ढा, श्रीमती आशा देवी सोमानी, सुषमा काकाणी, रेणुका राठी, बबीता सोमानी, जय सोमानी, दामोदर सोमानी, गोबिंद राव बिरादर, अजय जैन सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

**कल होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन**

कथा के समापन पर विधिवत आरती के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया। राजस्थानी जागृति समिति के अध्यक्ष निवास सोमानी एवं प्रधान संयोजक श्री महेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि कल रविवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें नंदोत्सव और विशेष झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगी।

# सेवा का सशक्त उदाहरण बना राधे-राधे ग्रुप : कमला देवी कुमावत





**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जब इंसानियत की बात होती है, तो सेवा ही सबसे बड़ा धर्म बन जाता है-और इसी भावना को साकार करते हुए राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद ने नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 के पास शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भावपूर्ण आयोजन किया। इस अवसर पर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान और संतोष देखकर हर उपस्थित व्यक्ति का मन भाव-विभोर हो उठा।

कार्यक्रम के दौरान कमला देवी कुमावत ने भावुक होते हुए कहा कि राधे-राधे ग्रुप सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां हर सदस्य सेवा और अपनत्व की डोर से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब हम किसी भूखे को भोजन कराते हैं, तो वह सिर्फ पेट ही नहीं भरता, बल्कि आत्मा को भी तृप्त करता है। ऐसे पुण्य कार्यों से जीवन में सच्ची शांति और संतोष मिलता है।

इस सेवा कार्य में सुनीता अग्रवाल, भाकर राम कुमावत, भगत राम गोयल, कैलाश केडिया, निर्मला केडिया, प्रीतिका अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, नंद किशोर अग्रवाल, जगन इलाकुर्थी, गौरव गोयल एवं महेश अग्रवाल सहित अनेक सेवाभावी सदस्य पूरे समर्पण के साथ जुड़े रहे। सभी के चेहरों पर सेवा का उत्साह और मन में समाज के प्रति कुछ कर गुजरने का जज्बा साफ दिखाई दे रहा था।

अंत में सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे इस सेवा यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे, ताकि कोई भी जरूरतमंद भूखा न सोए। यह अन्नदान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता और करुणा का जीवंत उदाहरण बनकर सबके दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ गया।

# नांदेड़ क्षेत्र का गौरव 'टायसन'

## अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में जीता स्वर्ण और रजत पदक



**नांदेड़, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नागपुर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में नांदेड़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले परभणी पुलिस बल के कुत्ते 'टायसन' ने शानदार प्रदर्शन किया। 'टायसन' ने 'आज्ञाकारिता' श्रेणी में स्वर्ण पदक और 'भोजन अस्वीकार' श्रेणी में रजत पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई।प्रत्येक वर्ष जिला और राज्य स्तर पर पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होता है। इसमें फोरेंसिक विज्ञान, पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कंप्यूटर कौशल, दुर्घटना-रोधी जांच और डॉग स्क्वाड जैसी प्रतियोगिताएं होती हैं। इस वर्ष पुणे में आयोजित राज्य पुलिस ड्यूटी मीट में 'टायसन' ने नांदेड़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और दो पदक जीतने के बाद उसका चयन अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के लिए हुआ।

हाल ही में 29 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक नागपुर स्थित राज्य रिजर्व पुलिस बल, ग्रुप नंबर 04 में 69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट (एआईपीडीएम) का आयोजन हुआ। इसमें 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों और बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, एनएसजी, सीआईएसएफ, एसपीजी तथा असम राइफल्स जैसे अर्धसैनिक बलों के कुल 148 कुत्तों ने भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में 'टायसन' ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से नांदेड़ क्षेत्र और परभणी पुलिस बल का नाम रोशन किया।

# शमशाबाद जोन पीस कमेटी की कमान हमीद पटेल को

## सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष ने संभाली जिम्मेदारी



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी हैदराबाद, शमशाबाद जोन के अध्यक्ष बने हमीद पटेल। आज शमशाबाद डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस के कार्यालय में एक सभा नगर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त लॉ एंड ऑर्डर एवं पीस कमेटी के चेयरमैन तफसीर सिद्दीकी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

सभा को संबोधित करते हुए तफसीर इकबाल साब ने बताया कि पीस कमेटी शहर में शांति के लिया बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। अभी शमशाबाद जोन भी हैदराबाद कमिश्नरेट में सम्मिलित हुआ है। और यह के सदस्य भी साथ जुड़कर शहर में शांति के लिए कार्य करें। उन्होंने उद्धरण देते हुए बताया के पीस कमेटी एक संयुक्त परिवार है जिस का कोई मजहब या धर्म नहीं होता, केवल अमन ही उनका धर्म है।

इन्होंने आगे मिसाल देते हुए बताया के जैसे एक घर के किचन में बहुत सारे बर्तन रहते हैं और उस में गिरने की आवाज होती रहती है, लेकिन खाना बनाने के लिए सभी बर्तन की जरूरत है। हमारे बड़े बुजुर्ग और माताएं बहने उसे संभल कर व्यवस्थित रखते है। उसी प्रकार हमारी जिम्मेदारी है के हर प्रकार के लोग होते है उन्हें आपस में भाईचारे के साथ रहने की सीख देना। हिंदुस्तान में ऐसी कई मिसालें है जहां हिन्दू और मुस्लिम आपस में परिवारक जिम्मेदारी और दोस्ती संभालते थे।

पीस कमेटी के खैराबाद जोन अध्यक्ष शशि कांत अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया के पीस कमेटी पिछले पैंतीस वर्षों से शहर में शांति स्थापित करने के लिया कार्य कर रही है जिसमें अभी सातसौ से भी अधिक सभी जाति धर्म के सदस्य है।

अवसर पर डीसीपी शमशाबाद बी राजेश आईपीएस, जनरल सेक्रेटरी श्रीकिशन शर्मा, पार्टऑन हाफिज मुजफ्फर, गोलकुंडा जोन अध्यक्ष मोहम्मद मोज़म अली, नारायण रेड्डी अध्यक्ष सिकंदराबाद जोन, खाजा मोइन अध्यक्ष चारमीनार जोन, खाजा गाजीउद्दीन अध्यक्ष राजेंद्रनगर आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गोशामहल में हुआ आयोजन



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** समग्र समाज के प्रांगण में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दलित समाज के उत्थान, शिक्षा और समान अधिकारों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने दलितों, महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षा और अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। अंग्रेज सरकार ने उनके महान कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें महात्मा की उपाधि दी।

उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर बीआर अंबेडकर ने संविधान में समान अधिकार, महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार, शिक्षा की सुरक्षा और सरकारी सेवाओं में अवसर सुनिश्चित किए।कार्यक्रम का आयोजन गोशामहल डिवीजन के बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष के. नंदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी के गोशामहल डिवीजन के इंचार्ज जी.सी. चंद्रशेखर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने महात्मा फुले द्वारा किए गए महान कार्यों की जानकारी देते हुए बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह को उनके विचारों से प्रेरित होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर दलित समाजसेवक किशन सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी अपने महापुरुषों को नजरअंदाज कर रही है और उनके जीवन के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं रखती। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि एक शिक्षित युवक भी महात्मा फुले के बारे में जानकारी नहीं रखता था, जो चिंता का विषय है।

उन्होंने बीआर अंबेडकर के विचारों को उद्धत करते हुए कहा कि जो समाज अपना इतिहास नहीं जानता, वह इतिहास नहीं रच सकता।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों को कलम बॉक्स एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। अंत में आयोजकों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



**पहाड़ी श्याम मन्दिर, महिन्द्रा हिल्स में एकादशी कीर्तन में पधारने हेतु तेलंगाना विधानसभा स्पीकर गड्डम् प्रसाद कोआमंत्रित करते हुए मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, बब्बन भाई एवं सुशील अग्रवाल ।**

# राजेश कुमार श्रीवास्तव का भव्य स्वागत

## चार संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में हुआ सम्मान



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिन्दी के लिए समर्पित आर्य कन्या विद्यालय शिक्षण संस्थान, हिन्दी प्रचार सभा, वीणा वादिनी साहित्य समिति एवं स्वतंत्रता सेनानी पण्डित गंगाराम स्मारक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आर्य कन्या विद्यालय हैदराबाद के सभागार में राजभाषा विभाग, केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त निदेशक राजेश श्रीवास्तव का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। श्रुतिकांत भारती ने सभा में उपस्थित सभी का परिचय श्रीमती एवं श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव से करवाया।

सभी संस्थाओं ने अपनी अपनी संस्था का कार्य विवरण प्रस्तुत किया। डॉ प्रताप रुद्र, अध्यक्ष ने आर्य कन्या विद्यालय का परिचय दिया। श्री भक्त राम, अध्यक्ष - स्वतंत्रता सेनानी पं गंगाराम स्मारक मंच के स्थापन होने से लेकर पिछले 4 सालों का परिचय दिया। श्रीमती सुधा ठाकुर ने वीणा वादिनी साहित्यिक समिति के विषय में बताया और श्री श्रुतिकांत भारती ने हिंदी प्रचार सभा का विवरण प्रस्तुत किया।श्रीमती एवं श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव को आर्य कन्या विद्यालय की ओर से प्रदीप जाजू और श्रीमती उमा तिवारी ने दोनों को मोतियों की माला से सम्मानित किया। स्वतंत्रता सेनानी पं गंगाराम स्मारक मंच से श्री भक्त राम और श्रीमाली पद्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत मेडल पहनाकर किया। वीणा वादिनी साहित्यिक समिति से श्रीमती सुधा ठाकुर और श्रीमती प्रेमा ने दोनों अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किया। श्री श्रुतिकांत भारती ने हिन्दी प्रचार सभा से दोनों अतिथियों का स्वागत शाल और मोतियों की माला से किया। यूको बैंक से हिंदी अधिकारी श्री देवकांत पवार ने शाल, माला और फूलों से बुके देकर स्वागत किया। श्री सत्यनारायण शर्मा, श्रीमती निलम शिवानी, श्रीमती ममता जैन, श्री दिनेश सिंह, सेवानिवृत्त हिन्दी अधिकारी ने विशेष रूप से सम्मिलित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, हिन्दी प्रचार सभा से श्रीमती माया पांडेय, श्रीमती अरुणा, श्री शिवलिंगम गौड, श्री वेंकटेश्वर, श्री भानुदास, श्री नरसिंह एव तेलंगाना हिन्दी प्रचार सभा से सरिता।

राजेश कुमार श्रीवास्तव ने दक्षिण भारत में हिन्दी के विकास के कार्यों को जाना और प्रसन्नता व्यक्त की। पिछले 12 वर्षों से हिन्दी की प्रगति के लिए गृह मंत्रालय के कार्य में हो रही जानकारी साझा की और आगे आने वाले बदलाव के बारे में भी सूचित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री श्रुतिकान्त भारती जी ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ और सभी ने जाने से पहले भोजन ग्रहण किया।

# बांसवाड़ा गवर्नमेंट जूनियर कॉलेज में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई गई



**बांसवाड़ा, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बांसवाड़ा गवर्नमेंट जूनियर कॉलेज में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कामारेड्डी डिस्ट्रिक्ट इंटरमीडिएट नोडल ऑफिसर शेख सलाम ने कहा कि समाज में बराबरी और शिक्षा के विस्तार के लिए ज्योतिबा फुले की सेवाएं अत्यंत महत्व-पूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा को प्राथमिकता देने के उनके प्रयास भारत के इतिहास में सदैव याद किए जाएंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और सभी छात्रों को ज्योतिबा फुले के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर कॉलेज डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य पिटला शीधर, एजास, दसारी शीनिवास, बांसवाड़ा के युवा नेता कसुला रोहित, नगर पालिका पार्षद खालेक, हकीम, लयख, फैकल्टी सदस्य स्वरूप, कॉलेज जूनियर असिस्टेंट अब्दुल रजाक सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और उनके सामाजिक सुधार कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आधुनिक भारत के महान समाज सुधारकों में एक बताया।


# केबीआर पार्क पर किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान शनिवार को इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के पास केबीआर पार्क पर नियमित अन्नदान किया गया।

इस अवसर पर राधे-राधे ग्रुप के मनीष अग्रवाल, तेजप्रकाश अग्रवाल, उमाकांत अग्रवाल,संजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# ब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती मनाई गई



**बांसवाड़ा, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत प्रोग्रेस प्लान 99 डेज़ एक्टिविटीज़ के तहत हेल्थ वीक के समापन अवसर पर बांसवाड़ा टाउन सेंटर स्थित मैटरनल एंड चाइल्ड वेलफेयर हॉस्पिटल में मेडिकल एंड हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से एक बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हॉस्पिटल डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन, तेलंगाना राज्य सरकार के कृषि सलाहकार एवं बांसवाड़ा सीट के विधायक पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी शामिल हुए।

इस दौरान कामारेड्डी जिला डीसीएचएस, हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट डॉ. विजया भास्कर, डिप्टी डीएमएचओ डॉ. विद्या, शहर के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नेता, अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा ज्योतिराव फुले के जन्मदिन के अवसर पर विधायक पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी ने स्थानीय नेताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात जानकारी दी गई कि इसी माह 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर आयोजित बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को बधाई दी।

उक्त अस्पताल को तेलंगाना राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) कराने वाले अस्पताल के रूप में सम्मानित किया गया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# गांजा सेवन करते तीन लोग पकड़े, केस दर्ज

बांसवाड़ा, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। बांसवाड़ा मंडल के इब्राहिमपेट गांव के पास गांजा सेवन की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को रंगे हाथों पकड़ा।जानकारी के अनुसार, सूचना मिलने पर एसआई टी. वेंकट राव अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां तीनों आरोपी गांजा पीते हुए पाए गए। पुलिस द्वारा किए गए ड्रग टेस्ट में तीनों के परिणाम पॉजिटिव आए।पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आरोपियों के पास से करीब 15 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया। इसके बाद तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।बांसवाड़ा स्टेशन हाउस ऑफिसर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नशे के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# नांदेड़ में भूकंप के हल्के झटके

## रिक्टर स्केल पर 4.7 दर्ज, कोई नुकसान नहीं

**नांदेड़, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नांदेड़ शहर और ग्रामीण इलाकों के कुछ गांवों में, अर्धापुर, हडगांव और हिमायतनगर तालुका में आज सुबह 08:45 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। ग्रामीणों ने प्रशासन को बताया कि ज़मीन से आवाज़ आई और ज़मीन हिली। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की वेबसाइट के अनुसार यह झटका 4.7 तीव्रता का था और इसका एपिसेंटर हिंगोली जिले के वासमत तालुका के शिरली गांव के उत्तर में दर्ज किया गया। झटका हल्का बताया गया है।तहसीलदार ने डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को सूचित किया कि इस झटके से किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, प्रशासन ने लोगों को अलर्ट रहने और घबराने से बचने की सलाह दी है। जिन घरों की छत शीट मेटल की बनी है और जिन पर पत्थर रखे गए हैं, उन्हें तुरंत हटाकर शीट को बोल्ट से सुरक्षित करने की अपील की गई है। यदि दोबारा ऐसी आवाज़ सुनाई दे तो लोगों को तुरंत घर से बाहर खुली जगह पर इकट्ठा होने और प्रशासन को (02462) 235077 पर सूचित करने का निर्देश दिया गया है।डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर राहुल कर्डिले ने लोगों से किसी भी अफवाह पर विश्वास न करने की अपील की है।

नांदेड़ जिले के गार्डियन मिनिस्टर अतुल सावे स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं और प्रशासन के संपर्क में हैं। उन्होंने भी लोगों से न घबराने और सतर्क रहने की अपील की है।

# बेगम बाजार में मेगा जन-जागरूकता बैठक कल

## खाद्य सुरक्षा व नियमों पर व्यापारियों को मिलेगा मार्गदर्शन

**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हैदराबाद किराना मर्चेंट्स एसोसिएशन द्वारा, तेलंगाना पुलिस एवं एफएसएसएआई के सहयोग से, व्यापारियों में खाद्य सुरक्षा एवं नियमों के पालन को बढ़ावा देने हेतु एक जन-जागरूकता बैठक आयोजित की जा रही है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में हैदराबाद किराना मर्चेंट्स एसोसिएशन के मानद सचिव अविनाश देवड़ा ने बताया कि उक्त बैठक 13 अप्रैल 2026 को सायं 5:00 बजे, मिट्टी का शेर, बेगम बाजार में आयोजित होगी। इस अवसर पर- वैभव गायकवाड़ - टास्क फोर्स डीसीपी, आंदे शीनिवास राव - अतिरिक्त डीसीपी, रनजित - एच-फास्ट इंस्पेक्टर, बालू नायक - राष्ट्रीय निदेशक, एफएसए-सएआई, जी. चंद्रमोहन - डीसीपी, लॉ एंड ऑर्डर, सुदर्शन - एसीपी, गोशामहल, बी. शरवण कुमार - एसएचओ, गोशामहल, मोहन राव - एसए-चओ, अफजलगंज और भारत - एसएचओ, बेगम बाजार आदि विशिष्ट अधिकारी उपस्थित रहकर व्यापारियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उक्त बैठक में खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता, लाइसेंसिंग नियमों एवं एफएसए-सएआई के दिशा-निर्देशों के पालन के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सभी व्यापारियों से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित होकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन का लाभ उठाएं।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना की नई महिला शाखा हेतु आवेदन प्राप्त

## रामनगर ईस्ट में गठित हुई अग्रकुल महिला शाखा, पदाधिकारियों की घोषणा



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की नई महिला शाखा के गठन हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में मीडिया व प्रेस कमिटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अग्रकुल महिला शाखा रामनगर ईस्ट के रूप में सदस्यता के लिए कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए। इसके आधार पर शाखा का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया।

नई शाखा में सविता अग्रवाल को अध्यक्ष, शशि टिबरेवाला को उपाध्यक्ष, सीमा अग्रवाल को मानद मंत्री, संतोष अग्रवाल को सहमंत्री तथा शिल्पा अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त किरण अग्रवाल को केंद्रीय समिति सदस्य तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शीतल अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, पूनम तुलसीयान एवं उषा अग्रवाल को शामिल किया गया है।

इस अवसर पर शाखा के सभी पदाधिकारियों सहित अग्रवाल समाज तेलंगाना के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गोयल, सह मंत्री श्रीमती डॉ. सीमा जैन, उत्तर ज़ोन के जिला समन्वयकर्ता सुनील कुमार चोखानी, पूर्व ज़ोन के महेंद्र कुमार अग्रवाल, पश्चिम ज़ोन के मुकुंद लाल अग्रवाल, दक्षिण ज़ोन की जिला समन्वयकर्ता श्रीमती अल्का मिंडा, सेंट्रल ज़ोन के अजय कुमार तुलसीयान, रामनगर ईस्ट शाखा के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल तथा समाज के घर-घर महाराजा अग्रसेन एवं धनपात्र के चेयरमैन गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे।

अग्रवाल समाज के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गोयल एवं सहमंत्री श्रीमती डॉ. सीमा जैन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में धूलपेट स्थित रामपुरा में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश महाराज, रूपेश कुमार मेहता (अ.भा.कार्यकारिणी सदस्य आरएसएस), सुश्री गायत्री लता गजानंद लोहकरे (आरएसएस पूर्णकालिक प्रचारिका संगठनमंत्री) एवं अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर गीता परिवार के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# मंगलहाट में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 28 बाइक और 113 गैस सिलेंडर जब्त



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार द्वारा जारी आदेशों के बाद, शनिवार सुबह 6 बजे से 8 बजे तक मंगलहाट थाना क्षेत्र की सीमाओं में कम्युनिटी कॉन्टैक्ट प्रोग्राम (सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम) चलाया गया। इस सघन अभियान के दौरान पुलिस ने 22 खाली वाणिज्यिक गैस सिलेंडर, 12 घरेलू गैस सिलेंडर और 79 छोटे गैस सिलेंडर जब्त किए।यह कार्यक्रम जुम्मेरात बाजार, बुड़े बाबा हनुमान मंदिर से टक्करवाड़ी और लोअर धुलपेट के इलाकों में आयोजित किया गया था।कार्रवाई के दौरान, पुलिस टीमों द्वारा घर-घर जाकर गहन तलाशी और सत्यापन किया गया। इसके परिणामस्वरूप 28 दुपहिया वाहन, लगभग 49.4 लीटर विदेशी शराब और बीयर की बोतलें तथा भारी मात्रा में गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

# महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती पर संसद परिसर में पुष्पांजलि

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू; उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन; प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी; लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे. पी. नड्डा; सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री वीरेंद्र कुमार; लोक सभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी; विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुन राम मेघवाल;





सांसदगण, पूर्व सांसदगण, लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

महात्मा ज्योतिराव फुले, जिन्हें लोकप्रिय रूप से महात्मा फुले के नाम से जाना जाता है, 19वीं सदी के भारत के प्रमुख सामाजिक सुध-ारकों में से एक थे। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को समाप्त करने के लिए समर्पित किया और गरीबों, किसानों तथा समाज के अन्य वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने 1873 में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य शोषण को रोकना और भेदभावपूर्ण प्रथाओं से पीड़ितों को मुक्ति दिलाना था। वे उन शुरुआती विचारकों में भी थे जिन्होंने कृषि के महत्व, किसानों के कल्याण और कृषकों के लिए वैज्ञानिक शिक्षा पर जोर दिया। महात्मा ज्योतिराव फुले 1876 से 1882 तक पुणे नगर पालिका के सदस्य रहे और 1888 में गरीबों एवं वंचितों की मुक्ति में उनके योगदान के लिए उन्हें 'महात्मा' तथा 'भारत के बुकर टी. वॉशिंगटन' की उपाधियों से सम्मानित किया गया।

संसद भवन परिसर में स्थापित महात्मा ज्योतिराव फुले की 12 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा, जिसका निर्माण राम वी. सुतार द्वारा किया गया था और जिसका अनावरण 3 दिसंबर 2003 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था, वर्तमान में परिसर के भीतर प्रेरणा स्थल पर स्थित है।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Bachne Devi, Mother of Mr. Jaswant Singh, R/o. Vill:Malraon, P. O:Malraon, Teh:Jhandutta, Dist :Bilaspur, State :HP, Pin:174035 have changed my name & DOB from BACHNE DEVI to BACHANI DEVI & DOB from 01 Jul 1953 to 03 Apr 1960 vide affidavit dt:07-04-2026 before 1st class magistrate, high court of Telagana State, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Khushi, Daughter of Mr. Jaswant Singh, R/o Vill:Malraon, P. O:Malraon, Teh:Jhandutta, Dist :Bilaspur, State :HP, pin:174035 have changed my name from KHUSHI to KHUSHI THAKUR vide affidavit dt:07-04-2026 before 1st class magistrate, high court of Telagana State, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Kaushalya, wife of Mr. Jaswant Singh, R/o Vill: Malraon, P. O:Malraon, Teh:Jhandutta, Dist:Bilaspur, State:HP, Pin:174035 have changed my name & DOB from KAUSHALYA to KAUSHALYA DEVI & DOB from 05 Jul 1982 to 31 Aug 1984 vide affidavit dt:07-04-2026 before 1st class magistrate,high court of Telagana State, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, KAVERI SANDEEP Spouse of Service No. 15223702F Hav B SANDEEP, Residing at 5-12-61/5, SV Nagar, Vill:Yapral, Po:J J Nagar, Dist:Ranga Reddy, Telangana-500087 have changed my name from KAVERI SANDEEP to M KAVERI vide affidavit dt:11-04-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, B PADMA Mother of Service No. 15223702F Hav B SANDEEP, Residing at 5-12-61/5, SV Nagar, Vill:Yapral, Po:J J Nagar, Dist: Ranga Reddy, Telangana-500087 have changed my name and DOB from PADMA, DOB:29-03-1968 to B PADMA, DOB:24-03-1968 vide affidavit dt:11-04-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, N BIJAYALAXMI REDDY spouse of Service No 6948607L Nk NILAPU NAGESWAR REDDY, Residing at Vill:Korapalli, Post:Narayanpur, Dist:Ganjam, Odisha-761002 have changed my name & DOB from N BIJAYALAXMI REDDY, DOB:03-03-1990 to N BIJAYA REDDY, DOB:01-03-1990 vide affidavit dt:10-04-2026 before G.Ramchander,Advocate and Notary, Secunderabad.

# मोहन भागवत ने दोहराया: हिंदुओं को जागृत करने के लिए डॉ. हेडगेवार ने की थी आरएसएस की स्थापना



**निज़ामाबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को इस बात को फिर से दोहराया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने हिंदुओं को जागृत करने के लिए संघ की स्थापना की थी।

निज़ामाबाद जिले के रंजाल मंडल के कंडाकुर्थी में 'केशव स्फूर्ति मंदिर' का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने याद दिलाया कि भले ही डॉ. हेडगेवार का जन्म और निधन नागपुर में हुआ था, लेकिन उनके पूर्वज कंडाकुर्थी के रहने वाले थे, जो अब तेलंगाना में है। यही कारण है कि कंडाकुर्थी में निर्मित केशव स्फूर्ति मंदिर का विशेष महत्व है।

**गरुड़ और अमृत का उदाहरण: गुलामी से मुक्ति का संकल्प**

आरएसएस प्रमुख ने उस पौराणिक घटना का उल्लेख किया जिसमें गरुड़ अपनी माता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए स्वर्ग से अमृत लेकर आए थे और बाद में वह अमृत इंद्र को वापस कर दिया था। मोहन भागवत ने रेखांकित किया, ''गरुड़ अपने लिए अमृत नहीं लाए थे, बल्कि अपनी माता को आजाद कराने के लिए लाए थे। इसी तरह, हेडगेवार ने भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए आरएसएस की स्थापना की थी।''

**हिंदुओं की एकता और भविष्य की सुरक्षा पर जोर**

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अंग्रेजों से पहले भी कई विदेशियों ने भारत पर शासन किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हिंदू एकजुट नहीं थे। हेडगेवार का मानना था कि यदि हिंदू समाज जागृत नहीं हुआ, तो भविष्य में वह फिर से गुलाम हो सकता है। मोहन भागवत ने स्पष्ट किया, ''आरएसएस का गठन हिंदुओं को जगाने के लिए किया गया है, ताकि वे दोबारा पराधीन न हों।'' उन्होंने कहा कि हेडगेवार ने सेवा और देशभक्ति की भावना कंडाकुर्थी से ही प्राप्त की थी, इसलिए यहाँ केशव स्फूर्ति मंदिर का होना प्रेरणादायक है।

**प्रमुख नेताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति**

इस सभा में सांसद धर्मपुरी अरविंद, विधायक पी. सुदर्शन रेड्डी, धनपाल सूर्यनारायण, राकेश रेड्डी और पायल शंकर उपस्थित रहे। साथ ही कंडाकुर्थी के सरपंच गियाजुद्दीन, बी.वी.आर. मोहन रेड्डी, चामाकुरा सुधाकर रेड्डी और कई अन्य आरएसएस नेता भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के साक्षी बने।

## तेलंगाना इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम आज




**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना स्टेट बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन ने शनिवार को सूचित किया कि मार्च 2026 में आयोजित इंटरमीडिएट पब्लिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के परीक्षा परिणाम 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे घोषित किए जाएंगे। तेलंगाना सरकार के सलाहकार (सार्वजनिक मामले) के. केशव राव और शिक्षा विभाग की सचिव योगिता राणा यहां स्थित ढत्रह्नखए कार्यालय में परिणाम जारी करेंगे।

बोर्ड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, परिणामों की घोषणा के लिए आधिकारिक कार्यक्रम निर्धारित कर लिया गया है। इस अवसर पर सरकार के प्रतिनिधि और शिक्षा सचिव की उपस्थिति में औपचारिक रूप से नतीजों का अनावरण किया जाएगा। छात्रों में परिणामों को लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है, क्योंकि यह उनके भविष्य के शैक्षणिक करियर की दिशा निर्धारित करेगा।परिणाम घोषित होने के बाद, उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए गए अंक विभिन्न माध्यमों से उपलब्ध कराए जाएंगे। छात्र अपने अंक निम्नलिखित आधिकारिक वेबसाइटों पर देख सकेंगे: http tgbie cgg gov in http results cgg gov inविज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि घोषणा के तुरंत बाद ही सर्वर पर परिणाम लाइव कर दिए जाएंगे। परीक्षार्थी अपने रोल नंबर और क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके डिजिटल मार्कशीट देख और डाउनलोड कर सकते हैं। भारी ट्रैफिक को देखते हुए बोर्ड ने दो अलग-अलग लिंक जारी किए हैं ताकि छात्रों को परिणाम देखने में कोई तकनीकी समस्या न आए।

# पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी और तमिलनाडु में भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी : रामदास आठवले

**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आरपीआई (आठवले) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी और तमिलनाडु में भाजपा और एनडीए सत्ता में आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में भी एनडीए के लिए अनुकूल माहौल बना हुआ है।

पश्चिम बंगाल की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वहां कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, जिससे जनता तृणमूल कांग्रेस सरकार से निराश है।



केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री आठवले ने यहाँ पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हमें विश्वास है कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। ममता दीदी को गुडबाय कहना अब तय है। असम और पुडुचेरी में भी हमारी सरकार आएगी। तमिलनाडु में भी एनडीए सत्ता में आ सकती है; मैं वहां दो-तीन बार गया हूं और ऐसा ही माहौल है।

उन्होंने आगे कहा कि केरल में लोग एलडीएफ और यूडीएफ से बदलाव चाहते हैं, जिससे एनडीए को बड़ी बढ़त मिलने की संभावना है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के क्रांतिकारी कदम की सराहना करते हुए आठवले ने एक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन 273 सीटों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था होगी।

आठवले ने जोर देकर कहा कि महिला आरक्षण प्रदान करने के इस कदम से देश की महिलाएं सशक्त होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय न केवल राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। इस ऐतिहासिक बदलाव से भारतीय लोकतंत्र के ढांचे में बड़े सुधार की उम्मीद है।

# तेलंगाना के राजस्व में 10% की वृद्धि, कैग रिपोर्ट में हुआ खुलासा



**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा शनिवार को जारी राज्य के वित्त संबंधी मासिक आंकड़ों के अनुसार, तेलंगाना ने वित्त वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 1.54 लाख करोड़ का राजस्व प्राप्त किया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। राज्य ने अब तक 2025-26 के बजट अनुमानों का 67.19 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है।

जीएसटी, बिक्री कर और उत्पाद शुल्क संग्रह के दम पर कर राजस्व में 12-13 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई है, जबकि गैर-कर राजस्व और सहायता अनुदान की वृद्धि तुलनात्मक रूप से धीमी रही। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शुक्रवार को कहा था कि राज्य सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग, निरंतर कर निगरानी और बेहतर प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से अपने राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। भट्टी ने कहा कि आधुनिक तकनीकी हस्तक्षेपों और व्यवस्थित शासन ने राज्य की आय बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। हालांकि, कैग की रिपोर्ट ने यह भी दर्शाया कि व्यय में तेज वृद्धि के कारण घाटा बढ़ा है।आंकड़ों के अनुसार, कुल व्यय पिछले वर्ष की तुलना में 6-7 प्रतिशत बढ़कर 2.17 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो बजट अनुमान का 82.41 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत का उल्लेखनीय विस्तार देखा गया, जो 63,000 करोड़ से अधिक रहा। यह राज्य में संपत्ति निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है। राजस्व व्यय में भी 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें ब्याज भुगतान में 8%, वेतन में 3% और सब्सिडी खर्च में 11-12% की वृद्धि दर्ज की गई।राजस्व में स्थिर वृद्धि के बावजूद, खर्च की तेज गति के कारण 14,364 करोड़ का राजस्व घाटा हुआ है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में मामूली अधिशेष की स्थिति थी। राजकोषीय घाटा भी 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 50,892 करोड़ हो गया है। प्राप्तियों की बात करें तो पूंजीगत प्राप्तियां मुख्य रूप से उधारी से संचालित थीं, जो 30 प्रतिशत बढ़कर 77,000 करोड़ से अधिक हो गईं। कैग के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि हालांकि राजस्व संग्रहण में सुधार हो रहा है, लेकिन सब्सिडी और पूंजीगत परिव्यय के कारण खर्च की वृद्धि प्राप्तियों से अधिक हो रही है, जिससे राज्य के राजकोषीय संतुलन पर दबाव पड़ रहा है।

अग्रवाल समाज (रजि.) तेलंगाना
301, तीसरा माला, राघव रत्ना टॉवर्स, चिराग अली लेन, आबिड्स, हैदराबाद (तेलंगाना)

प्रथम वार्षिक आम सभा (AGM-1) - सूचना
(वर्ष 2026-27 के लिए)

सभी केन्द्रीय समिति के सदस्यों एवं सभी शाखाओं के पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अग्रवाल समाज तेलंगाना की वर्ष 2026-27 की प्रथम वार्षिक आम सभा (AGM-1), रविवार दि.12 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे से बांठिया गार्डन, सिकन्द्राबाद पर नीचे दिए कार्यक्रम अनुसार आयोजित की जाएगी। यह बैठक वीडियो कैमरा रिकार्डिंग के अन्तर्गत सम्पन्न की जायेगी।

कार्यसूचि (एजेंडा) -
1. महाराजा अग्रसेन जी की पूजा।
2. अध्यक्ष द्वारा लिए गए असंवैधानिक निर्णयों की अस्वीकृति।
 a. अध्यक्ष द्वारा नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष के असंवैधानिक पद।
 b. 20 युवा शाखाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा।
 c. विधि अनुसार प्रक्रिया का पालन किए बिना वर्तमान समितियों को हटाए जाने की समीक्षा एवं चर्चा।
3. अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार एवं निर्णय।
4. सामान्य सभा (Generaal Body) की अनुमति से अन्य कोई विषय।

यदि किसी विषय पर सर्वसम्मति नहीं बनती है, तो संबंधित विषयों का निर्णय मतदान के माध्यम से किया जाएगा।

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे समय पर उपस्थित होकर बैठक में सक्रिय रूप से भाग लें।

बैठक के पश्चात दोपहर के भोजन एवं जलपान की व्यवस्था रहेगी।

अग्रवाल समाज, तेलंगाना के पूर्व अध्यक्षों के अतिरिक्त किसी अन्य को विशेष आमंत्रण नही।

भवदीय
विकाश कुमार केशान
मानद सचिव, अग्रवाल समाज तेलंगाना

Date : 31-03-2026
Place : HYDERABAD

# जगतिआल में केसीआर की जनसभा 20 को

## बीआरएस में शामिल होंगे जीवन रेड्डी

**हैदराबाद, 11 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जगतिआल में 20 अप्रैल को बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की एक विशाल जनसभा के लिए तैयारियां जोरों पर हैं, जहां कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता टी. जीवन रेड्डी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल होने जा रहे हैं।

कांग्रेस के साथ अपना 42 साल पुराना नाता तोड़ते हुए, जीवन रेड्डी ने 25 मार्च को सत्तारूढ़ दल से इस्तीफा दे दिया था। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव (केटीआर) ने शुक्रवार को जगतिआल में जीवन रेड्डी के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और बीआरएस अध्यक्ष केसीआर की ओर से उन्हें पार्टी में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया।



पूर्व मंत्री कोपुला ईश्वर ने शुक्रवार को जीवन रेड्डी, जिला पार्टी अध्यक्ष विद्यासागर राव और एमएलसी एल. रमना के साथ जगतिआल जिला मुख्यालय के पास मोटे रोड पर प्रस्तावित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए, कोपुला ईश्वर ने कहा कि यह बैठक बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग एक लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि केसीआर जनसभा को संबोधित करेंगे, जो उत्तरी तेलंगाना में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम साबित होगा।

**जीवन रेड्डी के आने से उत्तर तेलंगाना में मजबूत होगी बीआरएस**

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बीआरएस के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा और जीवन रेड्डी के प्रवेश से क्षेत्र में पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। कोपुला ईश्वर ने ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उनके शासन के दो वर्षों के भीतर ही राज्य में ''अव्यवस्था'' फैल गई है। उन्होंने सरकार पर अपने वादों को लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

कोपुला ईश्वर ने आगे कहा कि आगामी जगतिआल बैठक सत्तारूढ़ शासन के लिए एक वेक-अप कॉल (चेतावनी) के रूप में काम करेगी। बीआरएस नेताओं का मानना है कि इस सभा के माध्यम से जनता का ध्यान सरकार की विफलताओं की ओर खींचा जाएगा और पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा जाएगा। इस राजनीतिक बदलाव को लेकर क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में सरगर्मी तेज हो गई है।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रूप

स्व. ओमिका पाटोदी
की पावन स्मृति में
अनिल पाटोदी, अतुल पाटोदी, अनूप पाटोदी
वितरण स्थल : भू-लक्ष्मी माता गौशाला, बेगम बाज़ार
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
RAM PRAKASH GOEL 93910 14283
MAHESH AGARWAL 98490 98502

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.